e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 347

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
22.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

या तो रिस्क उठाओ और आगे बढ़ो या फिर रिस्क न उठाकर अपने लिए खुद एक रिस्क बन जाओ।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष किया नियुक्त

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश अध्यक्ष पहली बार के विधायक किरण सिंह देव को नियुक्त किया है। वे अरुण साव की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। किरण सिंह देव जगदलपुर से पहली बार विधायक चुने गए हैं। गुरुवार को भाजपा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विधायक किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। किरण सिंह देव जगदलपुर नगर निगम के महापौर रह चुके हैं। भाजपा युवा मोर्चा अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले किरण सिंह देव बस्तर जिला के अध्यक्ष रह चुके हैं।

### दम घुटने से बिहार के 4 लोगों की मौत, 3 गंभीर

**हजारीबाग :** राज्य के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गयी। जबकि तीन की हालत गंभीर है। सभी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि बुधवार रात एक ही परिवार के कई लोग ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयला जलाकर सोए हुए थे। कमरे का दरवाजा बंद था, जिस वजह चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं। रोहित यादव, राकेश कुशवाह, सलमान खान को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली :** लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई. वैसे संसद के शीतकालीन सत्र की चार दिसंबर को हुई थी और यह 22 दिसंबर को चलना था. सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाते समय सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कई केंद्रीय मंत्री और कई राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे.

### जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकी हमला, सेना के 3 जवान शहीद, 3 घायल

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के राजौरी में गुरुवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ. इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए. आतंकियों ने सेना की दो गाड़ियों पर हमला कर दिया.रिपोर्ट के मुताबिक, 20 दिसंबर की रात से राजौरी के थानामंडी में ऑपरेशन चलाया जा रहा है.21 दिसंबर की दोपहर इस ऑपरेशन साइट पर सेना के दो वाहन पहुंचे, जिस पर आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद सेना की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई. इस दौरान सेना के तीन जवान शहीद हो गए जबकि तीन घायल बताए जा रहे हैं.

### पत्रकारों से सूत्र पूछने का अधिकार नहीं है : सीजेआई

**रांची।** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर निशाना साधा और चेतावनी भी दी । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूर्ण की बेंच ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 22 के तहत पत्रकारों के मूल अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार के सूत्र नही पूछ सकती है और न ही न्यायालय तब तक जब तक कि पत्रकारों के खिलाफ बिना जांच और पुख्ता सबूत के दर्ज मुकदमे और गवाही की जांच नहीं हो जाती है । आज कल देखा जा रहा है कि पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता हनन कर रही है क्यों कि अधिकतर मामले में पुलिस खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए ऐसा करती है। जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने अब अपने कड़े रुख दिखाने पर कहा है । अगर पुलिस ऐसा करती पाई जाती है तो फिर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है व उस अधिकारी की सेवाये समाप्त की जा जायेगी ।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $22^0$ |
| न्यूनतम | $10^0$ |

## झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन

# सदन में गूंजा मरांडी का मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शीतकालीन सत्र के अंतिम कार्य दिवस की प्रश्न काल की कार्यवाही भी हंगामा की भेंट चढ़ गई. प्रश्न कल शुरू होते ही विधायक प्रदीप यादव ने व्यवस्था के तहत सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सदन के बाहर मीडिया में बयान दिया है कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता बिल पर उन्हें बोलने नहीं दिया गया. यह सदन के विशेषाधिकार का हनन है. उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए.

प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि बाबूलाल मरांडी हमेशा निराधार बातें करते हैं. उनके समर्थन में इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला समेत अन्य कांग्रेस के विधायकों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया. इस पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रदीप यादव बहुत विद्वान हैं. उनको ध्यान होना चाहिए कि बाबूलाल मरांडी इसी सदन के सदस्य हैं. सदन के भीतर अभी भी बाबूलाल मरांडी जेवीएम के अध्यक्ष हैं. कल उन्होंने हाथ उठाकर बोलने देने का आग्रह किया था लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया. कार्य संचालन की नियमावली कहती है कि विधायक के नाते उनको अपनी बातें रखने का अधिकार है. प्रदीप यादव ने एक सदस्य को जिस तरह से अपमानित किया है इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए.

### भाजपा विधायकों ने किया हंगामा

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सरकार पर हमला बोला। सदन के बाहर विरोध भी जताया। शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित विधायक बिरंची नारायण ने सरकार को युवा विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट करने में सरकार विफल है। उसके चलते लाखों युवा सड़क पर हैं। संविधान की नौवीं अनुसूची में नियोजन नीति को शामिल करने की बात कर वह युवाओं को छलने में लगी है। अनंत ओझा ने कहा कि यह युवा विरोधी सरकार है। राज्यपाल ने वाजिब तथ्यों के साथ नियोजन नीति के लिए सुझाव दिए थे लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई। एक बार फिर युवाओं का भविष्य अधर में है। शशिभूषण मेहता ने कहा कि बालू, पानी प्रकृति का उपहार है लेकिन इस सरकार में इसकी भी लूट है। थानेदारों के रवैये से जनता त्रस्त है। अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि सरकार महिला विरोधी है। विधि व्यवस्था पस्त रहने से महिलाएं भयभीत हैं। अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### आदिवासी विरोधी है भाजपा : चंपई सोरेन

परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने सदन के बाहर भाजपा विधायकों को आदिवासी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि जो यहां के आदिवासियों का दर्द समझते हैं, वे नियोजन नीति का समर्थन करेंगे ही। भाजपा इस मामले में आदिवासी विरोधी राह पर है।



### विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज के लिए मिलकर सहयोग करें : स्पीकर

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को 12:30 बजे सदन शुरू होते ही भाजपा के ढुलू महतो ने सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज का मामला उठाया।स्पीकर से आग्रह किया कि उनका हैदराबाद में लंबे समय से चल रहा है। उनका इलाज रुकना नहीं चाहिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से भी इस पर बात हुई है। उनका ध्यान सदन को है। नीलकंठ सिंह ने इंद्रजीत के मामले में सभी विधानसभा सदस्यों को सहयोग करना चाहिए। इस पर स्पीकर ने इसे अच्छा सुझाव बताते कहा कि जिनसे जो बन पड़े, वे मिलकर सहयोग करें।



### घरेलू विवाद में जिला कोर्ट ने पंजाब के श्रम मंत्री को सुनाई दो साल की सजा

**चंडीगढ :** पंजाब के संगरूर जिले की सुनाम कोर्ट ने एक घरेलू विवाद में पंजाब में श्रम मंत्री अमन अरोड़ा व आठ अन्यों को दो साल की सजा सुनाई है। जिस केस में उन्हें सजा सुनाई गई है, वह वर्ष 2008 में दर्ज हुआ था। कोर्ट की तरफ से इस मामले में आरोपितों पर जुर्माना भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता राजिंदर दीपा ने बताया कि यह लड़ाई नहीं बल्कि उनके साथ धक्का था। यह केस पंद्रह साल पुराना है। अमन अरोड़ा उनके रिश्तेदार हैं। रिश्ते में वह उनके बहनोई है। साल 2008 में वह सुनाम से चंडीगढ़ गए हुए थे। इस दौरान अमन अरोड़ा ने अपनी माता को लेकर उनके घर पर कब्जे की कोशिश की थी। जैसे ही उनके पीए ने उन्हें बताया कि घर पर कब्जे की कोशिश हुई है। उसके बाद उन्होंने वहां से उसी समय डीएसपी को फोन किया और सारे मामले की उन्हें जानकारी दी। इसके बाद वह शाम को घर पहुंचे। इस दौरान वहां पर अमन अरोड़ा की माता मौजूद थी। तभी वहां पर अमन अरोड़ा अपने समर्थकों के साथ पहुंच गया था। फिर उसने मारपीट और कब्जे की कोशिश की। हालांकि उस समय भी उनके साथ धोखा हुआ। साथ ही पर्चा उन पर दर्ज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने जांच के लिए याचिका लगाई। कोर्ट से राहत मिली। हालांकि फिर उन्होंने कोर्ट की शरण ली थी। इसके बाद यह फैसला आया है।

## मीडिया की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी : अनुराग



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा में ममता बनर्जी सरकार को पश्चिम बंगाल में पत्रकारों के ऊपर लगातार होने वाले हमलों को लेकर जमकर घेरा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगातार पत्रकारों पर जानलेवा हमले और हिंसक घटनाओं को खबरें आती हैं। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को पत्रकारों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने लिए उपाय करने चाहिए। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट पर कटाक्ष करते हुए मंत्री ने कहा, इतने वर्ष हो गए पर आज तक ऐसी कोई संस्था वाला मेरे पास नहीं आया। मैंने समाचार पत्रों और टीवी मीडिया वालों से भी पूछा मगर आज तक उनके पास भी कोई नहीं गया। मुझे नहीं पता यह रिपोर्ट कैसे बनाते हैं। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट की कोई गारंटी नहीं पर मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने उक्त बातें तृणमूल सांसद डोला सेन के तारांकित प्रश्न के जवाब में कहीं। हालांकि डोला सेन जवाब के समय सदन में उपस्थित नहीं थीं। सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है पर पश्चिम बंगाल एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ियों को तोड़ा गया। यह साफ तौर पर पश्चिम बंगाल के गरीबों और जरूरतमंदों को विकास से वंचित रखने का षड्यंत्र है। जब पत्रकार इसे दिखाने जाते हैं तो उन्हें भी जान माल का खतरा रहता है।पश्चिम बंगाल में पत्रकारों पर हुए हमलों की सिलसिलेवार लिस्ट पढ़ते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा,अक्टूबर, 2015 में पश्चिम बंगाल निकाय चुनावों के दिन साल्ट लेक इलाके में 20 पत्रकारों को पीटा गया और उनके माइक और कैमरे तोड़ दिए गए। फरवरी, 2022 में उत्तरी दमदम और पूर्वी मिदनापुर में निकाय चुनाव में 4 पत्रकारों को पीटा गया। 2023 के पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान कोलकाता और विभिन्न जिलों में 10 पत्रकारों को पीटा गया।

**सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है पर पश्चिम बंगाल एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ियों को तोड़ा गया।**

## राहुल के आपत्तिजनक शब्दों के मामले में चुनाव आयोग 8 हफ्ते में करे निर्णय : हाई कोर्ट




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह को लेकर पनौती और जेबकतरा जैसे आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल के चलते राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस तरह के बयान अभद्र हो सकते हैं। इसके बावजूद ऐसी कोई कार्रवाई के लिए उन लोगों को शिकायत दर्ज करनी होगी, जिनके खिलाफ ऐसे बयान दिए गए हैं।

कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्वाचन आयोग को इस मामले पर आठ हफ्ते में फैसला करने का निर्देश दिया। वकील भरत नागर ने दायर याचिका में मांग की है कि चुनावी सभाओं के दौरान इस तरह के झूठे,विषैले बयानों पर रोक लगाने के लिए कोर्ट अपनी ओर से भी दिशा-निर्देश तय करें। कोर्ट ने इस पर कहा कि ऐसे बयानों पर मतदान के जरिये जनता जवाब देती ही है, फिर इस तरह के बयानों को रोकने के लिए कोई कानून लाना है तो ये काम संसद का है, कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वकील आदिश अग्रवाला और कीर्ति उप्पल ने कहा कि ऐसे भाषणों के खिलाफ कड़े कानून और दिशा-निर्देश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने महज नोटिस दिया,क्योंकि आयोग के पास ऐसे भाषणों से निपटने के लिए अधिकार नहीं हैं।

कीर्ति उप्पल ने कहा कि बयान प्रधानमंत्री को लेकर था और प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक होता है।

## 26 से 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है. शीतलहर चल रही है. जनजीवन प्रभावित हुआ है. इसका सबसे ज्यादा खामियाजा सुबह के वक्त स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है. मौसम की मार को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सभी सरकारी, गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है. अपने आदेश में विभाग ने कहा है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं से 12वीं तक की कक्षा का संचालन करने की छूट होगी. इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करना है. कड़ाके की ठंड को देखते हुए कई निजी स्कूलों के प्रबंधन ने 21 दिसंबर से ही स्कूलों को बंद कर दिया है. मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक चतरा में सबसे कम 5.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ है. इसके बाद गुमला में 5.3 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम में 6.3 डिग्री, पलामू में 6.4 डिग्री, सिमडेगा में 6.6 डिग्री, गढ़वा में 6.6 डिग्री, खूंटी में 6.7 डिग्री, लातेहार में 6.7 डिग्री, लोहरदगा में 7.6 डिग्री, रामगढ़ में 8.5 डिग्री, हजारीबाग में 8.9 डिग्री, जामताड़ा में 9.1 डिग्री और गोड्डा में 9.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान होने की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है. लिहाजा राज्य के 24 में 12 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुका है.

## अब फर्जी सिम कार्ड लेने पर होगी 3 साल की जेल, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना

**संसद से पास हुआ दूरसंचार विधेयक 2023**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सरकार देश में फर्जी सिम कार्ड के जरिए ठगी और इसी तरह के अन्य अपराधों पर नकेल कसने जा रही है. संसद के दोनों सदनों में टेलीकॉम बिल 2023 पारित हो गया है. इस विधेयक में फर्जी सिम लेने पर 3 साल की जेल और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है. इस बिल पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद यह कानून बन जाएगा.

नया टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पहले लोकसभा में पास हुआ फिर राज्यसभा में भी इसे हरी झंडी मिल गई. यह बिल सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों, किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेकओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने की परमीशन देता है. पब्लिक सेफ्टी के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार टेलीकॉम नेटवर्क पर मैसेज को इंटरसेप्ट कर सकेगी. इसके साथ ही इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल की जेल और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है. नया टेलीकम्युनिकेशन बिल 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम का स्थान लेगा.भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम अभी टेलीकॉम सेक्टर को कंट्रोल करता है. यह बिल द इंडियन वायरलेस टेलीग्राफ एक्ट 1933 और टेलीग्राफ वायर्स एक्ट 1950 की भी जगह लेगा. साथ ही यह बिल ट्राई एक्ट 1997 को भी संशोधित करेगा.इस बिल में टेलीकॉम कंपनियों को उपभोक्ताओं को सिम कार्ड जारी करने से पहले अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक पहचान करने को कहा गया है. बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक जुर्माने का भी प्रावधान है.

## सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद की सुरक्षा में चूक व सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी दलों के सांसदों ने गुरुवार को विरोध मार्च निकाला। सुबह सभी विपक्षी घटक दल के सांसदों ने संसद भवन परिसर से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने मांग की कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में सुरक्षा चूक मुद्दे पर जवाब दें और सभी निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लिया जाए।विरोध मार्च में शामिल हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मोदी सरकार ने संसद को विपक्ष विहीन कर दिया है। संसद की सुरक्षा गंभीर मुद्दा है। गृह मंत्री इस मुद्दे पर सदन में जवाब नहीं दे रहे। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। ऐसे में आईएनडीआईए घटक दल एक साथ हैं। हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई संसद से सड़क तक जारी रखेंगे।उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष मांग कर रहा है कि संसद के दोनों सदनों में गृह मंत्री जवाब दें। इस मांग को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष के कुछ सांसदों ने असंसदीय आचरण अपनाया था, जिसके बाद दोनों सदनों से विपक्ष के 143 सांसदो को निलंबित कर दिया गया। इस निलंबन और सुरक्षा चूक मुद्दे को लेकर विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में आज विरोध मार्च निकाल रहा है।पिछले सप्ताह लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे। युवक अपने जूते में स्प्रे छिपाकर लाए थे। जिसे उन्होंने सदन में स्प्रे कर दिया और सदन में पीला धुआं फैल गया था।




## साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलवानों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था।

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 www.asarfihospital.com

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### कंबल वितरण करते हुए लोगो को ठंड से बचने की किया अपील : एसडीओ

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने अनुमंडल कार्यालय में बढ़ते ठंड के प्रकोप से बचने के लिए असहाय एवं गरीब लोगों को बीच कंबल वितरण किया है वही ठंड के बढ़ते शीतलहरी से लोगों को बचने के अपील करते हुए छतरपुर नगर क्षेत्र में घूम-घूम कर असहाय लोग बीच कंबल वितरण किया है वही चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करने के लिए नगर कार्यालय को आदेश दिया है इस मौके पर पलामू एनडीसी, डीएसओ एवं प्रशिक्षु आईपीएस रवि कुमार उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने संयुक्त सचिव की लोहरदगा आगमन को लेकर पदाधिकारी के साथ की बैठक

**लोहरदगा :** कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 23.12.2023 को लोहरदगा आगमन की तैयारी को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें कुडू प्रखण्ड में डेयरी यूनिट, बीएस कॉलेज में ई-लाईब्रेरी अधिष्ठापन, कुडू व सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे निर्माण की स्थिति व उसके लिए समूह निर्माण, किस्को में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय की मरम्मति समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में दिनांक 07 जुलाई 2023 को केके सोन,संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक व दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, समाज कल्याण, कौशल विकास आदि इंडिकेटर्स शामिल थे।

# कुशदण्ड पंचायत में सर्वाधिक 2354 आवेदन, 1031 का हुआ त्वरित निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कुशदण्ड पंचायत स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार,एसडीओ बिजली विभाग दीपक कुमार, मुखिया रेखा कुमारी ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ उठायें। अपनी समस्याओं से सबंधित लिखित आवेदन सबंधित विभाग के स्टॉल पर दें.आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 2354 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमे 1031 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया जब कि 1323 आवेदन लंबित रहे.विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल पर अबुआ आवास योजना के लिये 1210, आयुष्मान कार्ड के 23, पंद्रहवे वित्त 1, मनरेगा के नये कार्य 21, नये जॉबकार्ड के 19, बिरसा हरित सिचाई कूप के 3, राशन कार्ड के 47, धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के 6, कम्बल वितरण किया गया 12, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4, किसान क्रेडिट कार्ड के 4, आधार पंजीकरण के 8, पेयजल एवं स्वच्छता के 16, स्वास्थ्य जांच किया गया 73, आजीविका के 20, एसएचजी आई कार्ड 886 सहित कुल 2354 आवेदन प्राप्त हुए.मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, पंचायत समिति सदस्य लालो खातून, पृथ्वीनाथ तिवारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, सीएचओ सौम्या कुमारी, एएनएम सोना कुमारी, दिलीप कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, बिरेन्द्र सिंह, बाल विकास पर्यवेक्षिका माया कुमारी, संजीव कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, प्रकाश कुमार, संजय राम, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, उषा कुमारी, ललिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में पंचायत के महिला पुरुष उपस्थित थे।

# आवास योजना में कोई भी पैसा मांगता है तो सीधे शिकायत करें : प्रियंका तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत के मुखिया प्रियंका तिवारी ने गुरुवार को शोभिचक, पिठारी, पिठौरा सहित कई गांव में घूम कर आवास योजना का जांच किया एवं मुखिया ने लाभुकों से मिलकर कहा की कोई भी कर्मी, दलाल के द्वारा पैसा की मांग की जाती है तो सिधे मुखिया को सुचना देने का काम करें, वैसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुखिया ने बताया कि लाभूको से पैसा लेने की बात पुष्टि होने पर वैसे लोगों को सीधे जेल भेजने काम किया जाएगा। किसी भी सरकारी योजनाओं में कोई भी रिश्वत की मांग करता है वैसे कर्मी को बख्शा नही जायेगा। आवास योजना में लाभुकों से पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता पर पैसा लेने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था उसके बाद मुखिया ने मंगलवार को बीडीओ अनीता केरकेट्टा को एक आवेदन देकर पंचायत सचिव को हटाने एवं मामले की जांच कर पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग कि थी। बीडीओ अनीता केरकेट्टा ने बताया कि सरैया पंचायत में करीब तीन सौ अबुआ आवास योजना का निर्माण होना है, पंचायत सचिव पर आरोप लगने के बाद योग्य लाभुकों का चयन करने को लेकर ब्लॉक कर्मी संतोष कुमार को लगाया गया है जो मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जांच करने का काम करेंगे।

# विश्रामपुर भाजयुमो की हुई बैठक, बूथ सशक्तिकरण पर बनी रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर भाजयुमो नगर मंडल की बैठक गुरुवार को सोरडीहा सामुदायिक भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो नगर अध्यक्ष संजय ठाकुर ने किया। बैठक के दौरान मंडल युवा सम्मेलन भी हुआ। बूथ सशक्तिकरण की रणनीति बनी। बूथ सशक्तिकरण मे भाजयुमो के भूमिका पर चर्चा भी हुई। इसके अलावा सोसल मीडिया ग्रुप में पूरे मंडल कार्यकर्ता को जोडने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना तिवारी थे। मौके पर सत्यनारायण सोनी, संतोष राम, विकास कुमार, गोपाल सोनी, विकास कुमार, सच्चिदानंद, अनूप कुमार विश्वामित्र, संतोष मेहता, रोहित कुमार मोहित कुमार, दिलीप चौधरी, अंकित कुमार, राहुल कुमार, संतोष चौधरी, राजकुमार शाह, राजू कुमार, सद्दाम अंसारी, चंदन सोनी सहित भाजयुमो नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिचौलियों के साथ मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं क्रेशर प्लांट : संदीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड अंतर्गत दर्जनों क्रेशर प्लांट संचालित है। कुछ क्रेशर प्लांट नियम को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। अधिकांश क्रेशर प्लांट पर सेफ्टी नियम का कोई पालन नहीं किया जाता है। तो कोई रोड के समीप ही प्लांट का संचालन कर रहा है। अधिकांश समस्याओं की जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारियों को है लेकिन पता नहीं किस मजबूरी में सभी मुक दर्शक बने हुए हैं। एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने कहा कि सड़क पर चलना स्थानीय लोगों का मुश्किल हो गया है धूलकण से आम जनजीवन काफी प्रभावित है जब भी कुछ हल्ला हंगामा होता है तो दो-चार दिन पानी का छिड़काव कर बंद कर दिया जाता है स्थिति पहले की तरह ही हो जाती है। ओवरलोड गाड़ियों से मुख्य मार्ग पर कहीं ना कहीं पत्थर हमेशा गिरते रहते हैं। स्थानीय लोग बेबस एवं लाचार महसूस कर रहे हैं। दर्जनों बार इस समस्या के ऊपर बात किया गया है। लेकिन अब पानी सर के ऊपर जाता हुआ दिखाई प्रतीत हो रहा है कुछ स्थानीय लोगों का संरक्षण इन क्रेशर प्लांट वालों को प्राप्त है। कुछ लोगों के कारण एक बड़ी आबादी परेशान हो रही है।

# प्रखंड स्तर पर अवैध उगाही करने वालों को करें चिन्हित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के हवाले से बयान जारी करते हुए कहा कि प्रखंड स्तर पर संचालित किसी भी सरकारी योजना में कोई भी सरकारी कर्मचारी या कोई बिचौलिया अवैध उगाही या उगाही करने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना मुझे एवं एनसीपी के किसी भी कार्यकर्ता को देंगे. उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तमाम सरकारी कर्मियों को कार्य शैली सुधार लाने की हिदायत दी है।

# कर्नल कपः पेनाल्टी शूटआउट में अमही ने मंझौली को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्पूरी मैंदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को अमही का सामना मंझौली से हुआ। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक एक गोल की बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ जिसमें अमही ने सड़ेया को 3–2 से हराकर विजय हासिल की और सेमीफाइनल की ओर मजबूती के साथ अपना कदम बढ़ाया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मेहता व जमुआ पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने दोनों टीमों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने का अपील किया। मैच के दौरान मशहूर फुटबॉलर जय कुश सिंह भर्दुल सिंह आलोक कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम सहित हजारों संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

# सीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के सेमरवार और तुरी पंचायत का अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने गुरुवार को प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सचिवालय भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया।इस संबंध में सीओ यामुन रविदास ने बताया कि पहले तुरी पंचायत अंतर्गत खाता संख्या 149, प्लॉट 678, रकवा 13 डी. का चिन्हित किया।जिसपर पंचायत सचिवालय का भवन निर्माण किया जाएगा। जबकि सेमरवार पंचायत अंतर्गत दो स्थल जांच के क्रम में क्लियर नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि सेमरवार और तुरी पंचायत का पंचायत सचिवालय भवन निर्माण के स्वीकृति मिल गया है।जल्द ही भूमि चिन्हित कर भवन निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीओ यामुन रविदास, अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश, हल्का कर्मचारी संजीव कुमार, अंचल अमिन राकेश कुमार, सेमरवार मुखिया जितेंद्र पासवान, तुरी मुखिया संदीप यादव और ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोदी सरकार मे महिलाएं सम्मान के साथ बन रही स्वालंबी : आरती सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला महिला मोर्चा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रवास के बाद आज विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान के साथ स्वालंबी बना रही है। उचित माहौल और भरपूर सहयोग मिलने से महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं.कार्यक्रम प्रभारी कल्याणी पांडेय ने झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हेमंत सरकार मे प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं पर अत्याचार और अपराध बढ़ा है। जिलाध्यक्ष सिट्टू गुप्ता ने बताया कि प्रवास के दौरान विश्रामपुर और उंटारी प्रखंड में महिला मोर्चा कमेटी के साथ बैठक की गई। लखपति दीदीयों और उज्वला योजना के लाभार्थियों से चर्चा हुई। ग्रामीण महिलाओं को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई गई। इसके अलावा महिला मुद्दों पर उनसे चर्चा की गई। मौके पर रेखा देवी, शुशील ठाकुर, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, राजाराम मेहता, रघुवीर चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सेंट्रल बैंक का मनाया गया 113 वीं स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की पाल्हे कलां शाखा में गुरुवार को बैंक का 113 वीं स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडे सहित सभी बैंक कर्मियों ने बैंक के संस्थापक सोराबजी पोचखावाला की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान एक दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडे ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया को देश का प्रथम स्वदेशी वाणिज्य बैंक होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की स्थापना 21 दिसंबर 1911 को सर सोराबजी पोचखावाला ने प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। सेंट्रल बैंक देश का पहला वाणिज्यिक बैंक है। जिसका पूर्ण स्वामित्व एवं प्रबंधन स्थापना के समय भारतीयों के हाथ में था। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पहले अध्यक्ष फिरोज शाह मेहता थे। पिछले 112 वर्षों के इतिहास में बैंक ने कई उतार - चढ़ाव देखे तथा कई चुनौतियों का सामना किया। बैंक ने प्रत्येक आशंका को व्यवसायिक अवसर में बदला तथा बैंकिंग उद्योग में उत्कृष्ट रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।

# जल जीवन मिशन के तहत जलसहिया का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड के सभागार कक्ष में गुरुवार को जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला जल जांच प्रयोगशाला केमिस्ट संजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उक्त केमिस्ट संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार के महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो क्योंकि दिन प्रतिदिन पीने वाला जल दुषित होते जा रहा है। जिसके वजह से लोगों को आए दिन कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उसी के रोकथाम को लेकर जलसहिया के माध्यम से स्नज्ञय किट वितरण करते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि जलसहिया अपने गांव क्षेत्र में विस्तृत रूप से जल को जांच करें और जल में मिलने वाला अवशिष्ट पदार्थों को जान सके और लोगों को जागरुक करते हुए संबंधित विभाग को भी रिपोर्ट किए जाएं ताकि सभी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। जिसके कारण दूषित पानी से होने वाला बीमारियों को कम किया जाए। इस मौके पर स्वच्छता ग्राही संजय वर्मा, सोशल मोबिलाइजर राजीव कुमार, प्रयोगशाला सहायक संतोष कुमार, जलसहिया सुनीता देवी, रेशमी देवी, रीता देवी, सविता विश्वकर्मा सहित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

# हरिहरगंज शहर में सड़क पर बहता नाली का पानी से लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी में सड़क पर बहता नाली का पानी और जल जमाव से लोग परेशान हैं। सड़क तालाब में तब्दील हो चुका है। यह सड़क मेन बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए बिहार राज्य के टंडवा बाजार की ओर जाती है। यहां घनी आबादी के साथ प्रतिदिन सैकड़ो छोटे छोटे स्कूली बच्चे विद्यालय जाते हैं और उन पर गंदे पानी का छिटा पड़ता है। वहीं मोहल्ला में रहने वालों की मुश्किल बढ़ गया है। इसकी जानकारी मिलने पर समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। साथ ही इसका निवारण नहीं होने पर आंदोलन का चेतावनी दी है। मौके पर शशि कुमार मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार, बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जय राम साव, संजय मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजयुमो की बैठक में नगर मंडल सशक्तिकरण पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा युवा मोर्चा की बैठक गुरुवार को रूद्रा होटल में भाजयुमो कार्यकर्ता अविनाश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन भाजयुमो नगर मंडल मंत्री राजीव ठाकुर ने किया। बैठक में बतौर प्रभारी के रूप में आए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन मेहता ने बैठक को संबोधित करते हुए नगर मंडल युवा मोर्चा को सशक्त कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही और अभी से ही आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाने और केंद्र में पुनः भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर है और हम युवाओं से आग्रह करते हैं की राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले उन्होंने भाजयुमो के सभी सदस्यों से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अपील किया। भाजयुमो सदस्य अविनाश कश्यप ने बैठक में शामिल सभी युवा साथियों का आभार प्रकट किया और जानकारी दी की भाजयुमो हुसैनाबाद नगर मंडल का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा। मौके पर राजेश रंजन, मिश्रा, अमित कुमार सिंह, सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर में 6 घायल, एक रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के रोल समीप मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर हो गयी जिसमें शिला आमगावां के कपुरवा देवी, तुलसी कुमार ठाकुर, पुष्पा कुमारी एवं पुंडरा गांव के शहीदा खातून, अजमेरी खातून, सकीला खातून सभी छह लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों के मदद से रेफरल अस्पताल सिमरिया लाया गया जहां सभी को प्राथमिक उपचार किया गया। अत्यधिक चोंट होने के कारण कपुरवा देवी को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुशार स्कूटी सवार और मोटरसाइकिल सवार दोनों सिमरिया साप्ताहिक हाट से वापस घर लौट रहे थे। रोल पत्थलगड़ा रोड़ जाने वाली सड़क के करीब पहुँचते हीं दोनों में टक्कर हो गयी जिससे दोनों मोटरसाइकिल और स्कूटी पर सवार सभी सड़क पर गिर गया और घायल हो गया।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का हरादाग में खुला नया शाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना प्रखंड क्षेत्र में पिछड़े गावँ हरादाग कला गांव के लोगों के लिए बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की 113 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा खोली गई। हरादाग गांव के पंचायत भवन के ऊपरी तल्ला में खुली बैंक का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरीय क्षेत्रिय प्रबंधक सुनील कुमार, शाखा प्रबंधक आलोक राज, गांव के बुजुर्ग व्यक्ति भोला साव, प्रभारी मुखिया सहदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट व बैंक संस्थापक सर सोरोबाजी पोचखानावाला की चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात बैंक कर्मियों ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वरीय क्षत्रिय प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि बैंक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इस शाखा का विधिवत शुरूआत की गई है। आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बैंक नहीं रहने के कारण लोग बचत नहीं कर पाते हैं। इसी के मद्देनजर हमारे बैंक ने सुदूर देहातों में इस प्रकार की शाखा खोलने का निर्णय लिया है। अब लोग अपने दैनिक कार्यो के बिना समय गंवाए बैंक से जुड़ कर अपना कारोबार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित शर्त पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को बैंकिंग कार्य के लिए करीब 15 किलोमीटर रमना व वहीं 11 किलो मीटर दूरी तय कर मेराल जाना पड़ता था। इन सब परेशानी से यहां के लोगों को अब छुटकारा मिल जाएगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## स्कूल व मदरसा जाने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के दरमियान स्वेटर तक्सीम किया गया। शर्दियों के मौसम में बच्चे स्कूल यूनिफार्म के तौर सवेटर नहीं रहने के कारण स्कूल से गैरहाजिर रहते है। जिससे ड्रॉप आउट का खतरा बना रहता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी, रांची के स्कूल और मदरसा जाने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर वितरित करती है। इसी सिलसिले में राइजिंग मून स्कूल पुरानी रांची, के. यु.जी. स्कूल निजामनागर, हिंदपीढ़ी, ड्रेसमलैंड पुब्लिक स्कूल हिंदपीढ़ी रांची के बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल, फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के महा सचिव कमर सिद्दीकी, सचिव सोहैल अख्तर, कार्यकारणी सदस्य इम्तियाज अहमद, नाजिया तबस्सुम, सामाजिक कार्यकर्ता और मुस्लिम स्टूडेंडस फेडरेशन के अध्यक्ष शाहबाज खान आदि मौजूद थे।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रांची** : चुटिया थाना क्षेत्र स्थित रांची रेलवे स्टेशन के पार्किंग में अज्ञात व्यक्ति का शव गुरुवार को बरामद हुआ। स्थानीय लोगों की सूचना पर चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृत व्यक्ति के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि कि वो आसपास के क्षेत्र में भीख मांगने का काम करता है। आशंका जताई जा रही है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई है। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# लोकतंत्र की हत्या के विरोध में आज राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में इंडिया के बैनर तले घटक दलों की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस पार्टी के महासचिव सुरेंद्र सिंह, प्रवक्ता राकेश सिन्हा ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, सीपीएम के समीर दास, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के संजय कुमार रजक सहित इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के सभी साथी उपस्थित थे । नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार लोकतंत्र की गला घोट रही है। मोदी सरकार के हाथों लोकतंत्र संविधान अब तो देश के सांसद भी सुरक्षित नहीं है । भारतीय जनता पार्टी के संसद के अनुसार से संसद के अंदर तांडव मचाने वाले को बचाने के लिए 151 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। यह लोकतंत्र हत्या है । देश में आपातकाल की स्थिति है। सदन में जबरदस्ती गैर कानूनी सभी फैसले लिए जा रहे हैं। गैर संवैधानिक तरीके से देश के विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिन महागठबंधन इंडिया मजबूती तरीके से लोकतंत्र देश की हिफाजत के लिए संविधान को बचाने के लिए सड़कों पर उतरेगी। 22 दिसंबर 2023 को रांची जिला स्कूल के मैदान से आक्रोश मार्च जो राजभवन तक जाएगा और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस के महासचिव सुरेंद्र सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह , राकेश किरण महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी, जिला सचिव हेमलाल महतो , माले भुवनेश्वर केवट, राजेश यादव, आम आदमी पार्टी के अविनाश नारायण ,संतोष कुमार रजक, जेडीयू के सागर कुमार , टीएमसी केसंजय कुमार पांडे, तेतर महतो विनोद लहरी, सुरेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह बेनी ,समीर दास, नागेंद्र चौधरी ,उदयभान सिंह, धर्मेंद्र महतो, रामनंदन प्रसाद सिंह आदि कई नेतृत्व के लोग उपस्थित थे।

# एनडीआरएफ की टीम ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन, अधिकारी रहे उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिले में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का संचालन झारखंड, धुर्वा (हटिया) डैम में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, सिविल सर्जन (सदर)रांची, डॉ. प्रभात कुमार, ब्रिगेडियर एन. डी. एम.ए. भारत सरकार, बी. ठक्कर, उपसचिव आपदा प्रबंधन, राकेश कुमार, अवर सचिव आपदा प्रबंधन, अरविन्द कुमार, विजय कुमार, सुनील कुमार झा, प्रधान आप्त सचिव आपदा प्रबंधन विभाग, शिव शंकर पासवान, एस. डी. आर. एफ. इंस्पेक्टर, कार्यपालक दंडाधिकारी, संजय कुमार, एन.डी.आर.एफ कि टीम, बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।



जानकारी हो कि रांची जिले में धुर्वा (हटिया) डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया।जिसमें आपदा कि तैयारी और आपदा से बचाव सम्बन्धी मॉक ड्रिल किया गया । इसका मुख्य उद्देश्य है, कि हम आपदा को लेकर कितने सजग और हमारी तैयारी कैसी है। ताकि आपदा आने पर जान -माल कि सुरक्षा कैसे किया जा सकें, इसके बारें में मॉक ड्रिल करके दिखाया गया।बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य लोगों के जान-माल का बचाव कैसे करना है, विकट परिस्थिति में कैसे लोगों कि जान बचानी है। यह सब करके लोगों को दिखाया ताकि लोग आपदा में अपनी जानकारी के माध्यम से लोगों कि जान-माल कि सुरक्षा कर सकें। ब्रिगेडियर एन. डी. एम.ए. भारत सरकार, बी. ठक्कर, ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी कारण वश बाढ़ कि स्थिति उत्पन्न होती है, तो टीम बाढ़ कि स्थिति में कैसे कार्रवाई करनी है, इसको लेकर एन.डी.आर.एफ कि टीम इसको लेकर एक आपदा कि स्थिति उत्पन्न करते हुए बचाव किया गया। आपदा प्रबंधन के सभी अनुदेशों के अनुसार मॉक ड्रिल किया गया। आपदा के समय सभी सम्बंधित विभागों के समन्वय से ही आपदा से बचाव कार्य पूरा होता है। धुर्वा (हटिया) डैम में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज (मॉक ड्रिल) के दौरान एन.डी.आर.एफ कि टीम, बिजली विभाग के पदाधिकारी, एम्बुलेंस, मेडिकल टीम, एस. डी.आर. एफ, आपदा प्रबंधन एवं सम्बंधित सभी अधिकारी ने मिल कर इस मॉक ड्रिल को अच्छे से मिल कर सम्पन कराया। इससे सभी ने आपसी समन्वय के साथ इस मॉक ड्रिल करते हुए आपदा से बचाव कैसे किया जाए इसको जाना।

## पीएलएफआई के गिरफ्तार दो सदस्यों से एनआईए कर रही है पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीएलएफआई के गिरफ्तार दो सदस्यों निवेश कुमार और रमन कुमार उर्फ सोनू पंडित से पूछताछ शुरु कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को रिमांड पर लेकर दोनों से गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ में कई जानकारियां एनआईए को मिली है। एनआईए की विशेष अदालत ने एनआईए को दोनों आरोपितों से सात दिनों की पूछताछ की इजाजत दी है।

अदालत से इजाजत मिलने के बाद एनआईए ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद दोनों आरोपितों को अपने साथ ले गई। इन दोनों से एनआईए 27 दिसम्बर तक पूछताछ करेगी।

उल्लेखनीय है कि 15 दिसम्बर को एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में छापेमारी की थी। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये सहित अन्य सामान बरामद किया गया था।

मामले की जांच से यह भी पता चला था कि झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और अन्य पीएलएफआई प्रभावित राज्यों में संगठन को पुनर्जीवित और विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा था।

## पंचायत सचिवालय और सुरक्षा बलों के बीच हुई भिड़ंत, कई प्रदर्शनकारियों को लगी चोंटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को झारखंड विधानसभा के शीत शत्र का पांचवां और अंतिम दिन सदन की कार्यवाही के दौरान ही सदन के बाहर और अंदर पक्ष-विपक्ष के विधायकों का हंगामा जारी था। तो वहीं दूसरी ओर विधानसभा से कुछ दूरी पर अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय व विभिन्न संगठनों के युवक युवतियां ने भी हंगामा शुरू कर दिया । वे पुलिस का घेरा तोड़कर विधानसभा का घेराव करने के लिए आगे बढ़ने जिन्हें रोकेन के लिए वहां पर बड़ी संख्या में तैनात सुरक्षाबल के जवानों ने उनको खदेड़ते हुए उनपर लाठियां भांजी, आंसू गैस के गोले और वॉटर कैनन भी छोड़े। कई प्रदर्शन कारी घायल होने की बातें भी बताई गई। बता दें कि 15 दिसंबर से ही पंचायत सचिवालय स्वंयसेवक संघ के सदस्य विधानसभा का घेराव कर रहे हैं । अंतिम दिन पुलिस का घेरा तोड़कर आगे बढ़ने लगे इसपर सुरक्षा बल के जवानों ने दूसरे बैरिकेडिंग के पास उन्हें रोका गया। इसपर वे दूसरे बैरिकेडिंग को भी तोड़कर आगे बढ़ने लगे इसपर जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबल के जवानों ने संघ के सदस्यों पर लाठियां बरसाते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की। इस बीच सुरक्षा बल के जवानों और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोंक-झोंक हुई।



वहीं प्रदर्शनकारी रूकने के बजाय विधानसभा की ओर आगे बढ़ने लगे लोगों ने सुरक्षा बल के जवानों को निशाना बनाते हुए पत्थरबाजी भी की गई।

## तमिलनाडू में राष्ट्रीय सौफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ी चयनित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सौफ्ट टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में 15 वर्ष आयु वर्ग मे 17वां सब-जूनियर राष्ट्रीय सौफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन खुली चयन प्रतियोगिता के माध्यम से कर ली गयी है ।

यह चयन प्रतियोगिता 17 दिसम्बर 2023 को जी. डी. गोइन्का पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था। जिसमें चयनित सभी खिलाड़ी 17वां सब-जूनियर राष्ट्रीय सौफ्ट टेनिस प्रतियोगिता 26-30 दिसम्बर 2023 वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीज, वेल्लोर, तामीलनाडु में भाग लेंगे खीलाड़ीयों की सूची इस प्रकार है बालक वर्ग* में इशाहक टोपनो,मनीष धान,करण तिग्गा,आदित्य कुजूर,आर्यन मिंज,अब्दुल मर्गुब,सावन उराव,आयुष मिश्रा अतिरिक्त खिलाड़ी में विकाश कुमार,अमित किस्कु प्रशिक्षकः मुलचंद् सिंह टीम प्रबंधक राकेश कुमार बालिका वर्ग,सलोनी कुमारी,शिरिष्टि लिंडा, रिधिमा केरकेट्टा, मंजुला टोप्पो, आँचल कुमारी, मांशी कुमारी, अनुपमा कुजुर, लॉवली कुमारी अतिरिक्त खिलाड़ी रीतिका काढूलना, खुशी कच्छप, महिला सीनियर वर्ग, खूशबू कुमारी, संगीता गडनाईक, अल्पता बखला, ज्योति कुमारी , रिशिता भट्टाचार्य, श्रुति कुमारी, साक्षी कुमारी, ऐलन टेटे प्रशिक्षक यशोधरा सिंह,टीम प्रबंधक लीनु दशउन्धी शामिल हैं।

## बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया कंबल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए जमात ए इस्लामी हिंद रांची यूनिट के द्वारा जमीअतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जमात ए इस्लामी हिंद रांची यूनिट के सचिव सोहेल अख्तर ने बताया कि शहर में काफी ठंड बढ़ रहा है । ऐसे कंपकंपी वाले ठंड में गरीब, कमजोर, असहय, जरूरतमंदों को देखते हुए हमारा संगठन ने निर्णय लिया है, कि ऐसे लोगों को गर्म कपड़ा और कंबल इत्यादि दिया जाए । इसी के साथ जमीयतुल कुरैश पंचायत में जो जरूरतमंद लोग थे, उनके बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके लिए जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने पहल की थी , इन्हीं के पहल पर यह प्रयास किया गया और जो जरूरतमंद थे उन्हें कंबल दिया गया। वहीं जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने बताया कि लंबे समय से जमात ए इस्लामी हिंद के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यो की खबरें लिख रहे हैं तो इसी दौरान मुझे अपने समाज के लोगों के बीच ऐसे भी जरूरत मंद लोग हैं तो उसे भी सहयोग करने की यह पहल है आगे भी उम्मीद करते हैं कि हमारे मुहल्ले के लिए इसी तरह से सहयोग करेंगे। इस मौके पर जमात ए इस्लामी हिंद रांची यूनिट के सचिव सोहेल अख्तर, मतलूब अहमद, परवेज कुरेशी, उपाध्यक्ष अफरोज कुरैशी, सदस्य मुस्तफा कुरैशी , तजमुल राजू कुरैशी सहित कई लोग शामिल थे।



## कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला सड़क का हुआ कालीकारण, ब्रेकर नहीं रहने से हो रही है दुर्घटनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 11 के अंतर्गत आने वाला कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जो कांटा टोली चौक से बांये पेट्रोल पंप के पीछे वाली गली वाईएमसीए रोड से सीधे जामा मस्जिद और फिर दहीने मुड़ कर नेशनल हाईवे सड़क से मिलती है। यह सड़क रांची टाटा मार्ग व पुरुलिया रोड कहलाती है। जब कांटा टोली चौक और खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलने वाली मोड पर वाहनों की जाम की स्थिति बन जाती है तो अन्य वाहन कुरैशी मोहल्ला वाले मार्ग से ही गुजरती है। हाल के दिन में पीसीसी पथ को कालीकरण किया गया है । कालीकरण हो जाने के बाद अब ज्यादातर मोटरसाइकिल ,टेंपो, फोर व्हीलर सभी वाहने इसी रूट से चल रही है, ताकि वह कांटाटोली वाले जाम से बच सके। लेकिन इस दौरान व काफी तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं , जिस कारण से छोटी बड़ी घटनाएं होने की आशंकाएं बनी रहती है । हाल में छीटफुट घटनाएं हो भी चुकी है । यह घटना इसलिए हो रही है क्योंकि जो सड़क का कालीकरण हुआ है उसमें कहीं पर भी ब्रेकर नहीं बनाया गया है । इस रोड पे जामा मस्जिद , मदरसा , बच्चों का स्कूल एवं भीड़ भाड़ वाला इलाका है। बावजूद इसके वाहन चालक बड़ी तेजी के साथ अपने वाहन चलाते हैं । बड़ी घटना हो इससे पहले ब्रेकर की मांग की जा रही है। इसके लिए जमीयतुल कुरैशी पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने भी डीटीओ , डीआरएसएम रांची को इसकी जानकारी दी है , तो उन्होंने कहा है कि इस पर ध्यान देंगे। लोगों की मांग है कि प्लास्टिक वाले कम से कम पांच ब्रेकर जरुर लगायी जाए ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। मांग करने वालों में तजमुल कुरैशी, अफरोज, मिट्ठू, अफजल, कमरान कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, आदिल कुरैशी,राबिन दास, सुनील, धर्मेंद्र,लाला सहित कई लोग शामिल हैं।



# बंधु तिर्की ने लापुंग प्रखण्ड के सकारपुर बेल टोली का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने लापुंग प्रखण्ड के देवगाँव पंचायत अंतर्गत सकारपुर बेल टोली का दौरा किया। लापुंग प्रखण्ड मुख्यालय से बहुत दूर सुदूरवर्ती जंगल के बीच बसे सकारपुर बेल टोली तक पहुँचने के लिये अनेक छोटे-बड़े नदी-नाला को पार कर वहाँ पहुँचना पड़ता है। आज गाँव के परिभ्रमण के क्रम में ग्रामीणों ने तिर्की को जानकारी दी कि महीनों से इस गाँव में न तो किसी सरकारी पदाधिकारी और न ही किसी नेता ने गाँव का दौरा किया है। तिर्की ने ग्रामीणों से गाँव में उपलब्ध सुविधाओं और सड़क, पेयजल, विद्यालय, पंचायत भवन आदि की जानकारी ली। सैकड़ों ग्रामीणों के साथ अपनी बैठक में तिर्की ने ग्रामीणों को दिये जा रहे राशन, पेंशन, छात्रवृति, स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार, अबुआ आवास आदि की भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने गाँव और अपनी व्यक्तिगत-पारिवारिक समस्याओं को तिर्की के सामने रखा और उसके समाधान का आग्रह किया जिसके पश्चात तिर्की ने अपने सम्बोधन में उन्हें भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही समस्याओं का हल किया जायेगा।बैठक में ग्रामीणों के साथ ही मुखिया दुर्गा उरांव, गान्दर उरांव, राजकमल गोप आदि भी उपस्थित थे।

## निगम के दो वार्डों में 46 आवेदनों का हुआ निपटारा

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 45 और वार्ड नंबर 46 में कुल 46 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 190 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया।

# प्रधानमंत्री की योजनाओं को देश की महिलाओं तक पहुंचाने में सोशल मीडिया एक मजबूत जरिया है : आशा लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजना बनाई है, जिसे सोशल मीडिया के माध्यम से महिला लाभार्थियों तक किस प्रकार उपयोग किया जाए, सोशल मीडिया का प्रयोग और लाभ कैसे उठाना है,इसकी कार्यशाला 21/12/2023 को भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू में आयोजित किया गया, महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी,जिला अध्यक्ष जिला सोशल मीडिया प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे अपने अपने क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षण दे,बैठक को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर के अध्यक्षता में बैठक की गई। डॉ आशा लकड़ा ने कहा समय के साथ काम करने और लोगो से जुड़ने का तरीका बदलता जा रहा है,जिसमे आज के दौर में सोशल मीडिया माध्यम पर सबसे ज्यादा उपयोगी साबित हुई है,इसी माध्यम से ही हम महिलाओं की समस्या को समझ कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कई प्रकार की योजनाएं चलाई है जिसे एक अंगुली लगाकर हमें पता चल जाता है कौन सा योजना कब लागू हुआ है,राज्य में महिलाओं के साथ अपराधिक शोषण मामले के भी केंद्र द्वारा संचालित किया गया महिला हेल्प लाइन का उपयोग किया जाए सुजाता साबत पाड़ी ने कहा की केंद्र से जो भी कार्य या योजनाएं मिलते है उसे ( 18002090920 ) डायल करके नमो ऐप से भारत सरकार से जुड़ सकते है। राहुल अवस्थी ने कहा के समय में सोशल मीडिया राजनीतिक रूप ले लिया है,इसलिए हमे सोशल मीडिया को किस प्रकार उपयोग में लाया जाए यह जानने की जरूरत है। बैठक का संचालन सोशल मीडिया प्रभारी रंजीता सिंह ने किया तथा समापन सह सोशल मीडिया प्रभारी लक्की सिंह ने किया, बैठक में राहुल अवस्थी सरिता पांडेय,मंजुलता दुबे, डॉ सीमा सिंह,लवली गुप्ता,बबिता वर्मा, रेखा महतो,सोनी हेमरोम,रागिनी सिन्हा,जयश्री इंदवार,रीता क्षेत्री सभी जिला की अध्यक्ष,जिला की सभी सोशल मीडिया प्रभारी तथा जिला मीडिया प्रभारी मौजूद रही।



# एनटीपीसी कोल माइन्स को स्टार रेटिंग पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी दुलंगा कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए ओपन कास्ट खानों की श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग पुरस्कार (तीसरी रैंक) से सम्मानित किया गया है। एनटीपीसी तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना को वर्ष 2019-20 के लिए ओपन कास्ट श्रेणी के तहत स्टार रेटिंग (अचीवर्स रैंक) से भी सम्मानित किया गया है।एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव और अनिमेष जैन , सीईओ, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने 20 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कोयला खदानों की वार्षिक स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में प्रह्लाद जोशी, माननीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किए।

एनटीपीसी ने सर्वोत्तम तकनीकी प्रथाओं को अपनाकर, परिचालन दक्षता के लिए डिजिटल उपकरणों के एकीकरण, शून्य घटना क्षमता की दिशा में प्रयास करके, हरित पदचिन्हों को बढ़ावा देने और खनन उद्योग में बेंचमार्क स्थापित करके अपनी सभी खानों के विकास को मॉडल माइन के रूप में विकसित करने की संकल्पना की है। इससे युवाओं, महिलाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के निर्माण और अन्य आवश्यकता-आधारित संस्थानों के कौशल विकास के माध्यम से अपनी खनन परियोजनाओं में और उसके आसपास के क्षेत्र के सतत विकास को भी बढ़ावा दिया है। कोयला मंत्रालय से यह पुरस्कारों की पेशकश, कोयला खनन में एनटीपीसी प्रयासों का एक शानदार प्रमाण है और हमें खनन क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है।




## झारखंड में जेएन-1 वैरिएंट का एक भी मरीज नहीं, सरकार पूरी तरह से तैयार : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केरल में कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन-1 मिलने के बाद झारखंड में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। हालांकि, राज्य में इस वैरिएंट का कोई मरीज नहीं मिला। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के बाद झारखंड में भी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। सभी जिलों के डीसी, सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निदेशक और प्राचार्य को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में जेएन-1 का एक भी मरीज नहीं है। मीडिया में आ रही खबर भ्रामक है। जो दो मरीज की बात आ रही है वह पहले से ही कोरोना के मरीज हैं। जेएन-1 वैरिएंट के ये मरीज नहीं है। मंत्री विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से सजग और तत्पर है। इससे बचाव के लिए तैयारी पूरी की जा रही है। जल्द ही मॉक ड्रिल के साथ तैयारी को लेकर समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में ऑक्सीजन पर्याप्त है, जो प्लांट बंद है वह आपात स्थिति के लिए है, उसे भी खोला जाएगा। इसलिए चिंता करने की बात नहीं है। उल्लेखनीय है कि रांची सहित पूरे राज्य भर के अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## रॉयल हेल्थ इंडिया का प्रोन्नति समारोह आयोजित



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला के डाकबंगला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस टाउन हॉल में गुरुवार को रॉयल हेल्थ इंडिया मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड (एमएस रिया इंटरप्राइजेज) की ओर से प्रोन्नति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू को बुके, सॉल व मोमेंटो देकर स्वागत किया। कंपनी के निर्देशक राजू यादव ने बेहतरीन काम करने वाले सदस्यों को समानित किया। मौके पर रॉयल हेल्थ इंडिया के दीपक राज, यशवंत कुमार, मोहन कुमार, नीतीश कुमार, अमर कुमार, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, सोनू कुमार, संजीव कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## जीण माता परिवार के अध्यक्ष बने राजकुमार रिंगसिया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर की एक बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर राजकुमार रिंगसिया (जुगसलाई) को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। बैठक संस्था के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में साकची स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए संस्थापक शंभू खन्ना ने बताया कि नये अध्यक्ष राजकुमार रिंगसिया द्वारा नयी कमिटी का विस्तार 31 दिसम्बर तक कर लिया जायेगा। इससे पहले कोषाध्यक्ष विनोद खन्ना द्वारा वार्षिक महोत्सव 2023 का आय-व्याय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील देबुका, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, तुलसी खेमका, दीपक पारिक, सीताराम देबुका, बजरंग अग्रवाल, पवन संघी, जगदीश खेमका, अंकित अग्रवाल (सीए) एवं मनीष खन्ना आदि उपस्थित थे।

## गम्हरिया के मेघराज टावर में वी फैशन का उद्घाटन आज

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया स्थित मेघराज टावर में शुक्रवार, 22 दिसम्बर को वी फैशन नामक शो रूम का उद्घाटन समाजसेवी अशोक सिंह द्वारा किया जाएगा। इस बाबत प्रेस वार्ता कर शो रूम के एरिया मैनेजर विनय शुक्ला ने बताया कि करीब 2500 स्कवायर फ़ीट में खुल रहे इस वातानुकूलित शो रूम में एक ही छत के नीचे महिला, पुरुष व बच्चों के लिए आकर्षक परिधान समेत क्रॉकरी और खिलौने उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह शो रूम भारत का दूसरा और झारखंड राज्य का पहला यूनिट है। इससे पूर्व ओडिसा में इसकी दो यूनिट स्थापित की गई है जो निदेशक मेनिका सिंह की देखरेख में कुशलतापूर्वक संचालित की जा रही है। बताया प्रति एक हजार रुपए की खरीददारी पर ग्राहकों को गिफ्ट वाउचर दिए जाएंगे। इसके अलावा 1499 रुपए, 2999 रुपए और 4999 रुपए की खरीददारी पर भी आकर्षक ऑफर और गिफ्ट प्रदान किया जाएगा। इस दौरान कंपनी के स्टोर प्रबन्धक प्रवीर सिंह भी मौजूद थे।



## नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट में स्निधा एवं अश्लेषा ने जीता पदक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नागपुर में आयोजित 37वीं नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट, 2023 में शहर के विवेक विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कक्षा 11वीं की दो छात्राओं स्निधा पात्रा एवं अश्लेषा भदौरिया ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए क्रमशः पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग में दो पदक हासिल किया। विवेक विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चे लगातार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से रजत एवं स्वर्ण पदक हासिल कर रहे हैं ।

## युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र बने जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के स्वीकृति से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा को जमशेदपुर लोकसभा का संयोजक नियुक्त करने पर श्री मिश्रा ने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज झारखंड युवा कांग्रेस के प्रभारी शेश नारायण ओझा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी राष्ट्रीय प्रभारी राष्ट्रीय कृष्ण अल्लावरु का आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा जमशेदपुर लोकसभा का जो दायित्व सौंपा है। मैं युवा कांग्रेस पार्टी की मान सम्मान व संगठन की मजबूती के साथ दिए हुए दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा।



# जिले के सभी स्कूल 26 से 31 दिसंबर तक रहेंगे बंद : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य में शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक विद्यालय सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों को दिनांक 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक के लिए बन्द रखे जाने का आदेश दिया गया है। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्यालय आवश्यकता अनुसार वर्ग-10 से वर्ग-12 तक की कक्षाओं का संचालन करेंगे। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत सभी स्कूलों को उक्त तिथि को बंद रखे जाने का निर्देश दिया गया है ताकि ठंड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से पूर्वी सिंहभूम जिला में लागू होगा।

## दलमा के कोंकाधासा गांव में डालसा के पीएलवी ने आवास के लिए तैयार किया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश नीलेश सांगा के निर्देशानुसार गुरुवार को पारा लीगल वोलेंटियर (पीएलवी) निताई चंद्र गोराई ने दलमा के बीच बसे बोड़ाम प्रखंड की बोंटा पंचायत के कोंकाधासा गांव में जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान पीएलवी ने लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आवास योजना से वंचित लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने वहां रह रहे 27 में से 23 परिवारों का अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन पत्र भरवाया। उन आवेदन पत्रों को 23 दिसंबर को बोंटा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर जमा करेंगे। पीएलवी ने बताया कि किसी भी परिवारों के पास रहने लायक आवास नहीं है और शत प्रतिशत आदिवासी एवं गरीब लोग हैं। बताया कि बोड़ाम बीडीओ से मिलकर प्राथमिकता के आधार पर सभी परिवारों के लिए अबुआ आवास उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

## टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन ने जेएन टाटा पर एक कलाकृति किया शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन ने जे.एन.टाटा पर एक शानदार कलाकृति का अनावरण किया, जो 19 दिसंबर को मुख्य द्वार से सटी चारदीवारी पर एक प्रेरक कलाकृति होगी। अनावरण समारोह में टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और एग्जीक्यूटिव इंचार्ज(ट्यूब्स) संजय एस साहनी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में टाटा वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों, ट्यूब्स डिवीजन यूनियन कमेटी के सदस्यों, जीएम एमएस, चीफ, हेड्स और ट्यूब्स डिवीजन के कर्मचारियों की विशिष्ट उपस्थिति रही। इसके अलावा, डिवीजन ने पुनर्निर्मित ट्यूब्स डिस्पेंसरी और सिक्योरिटी ऑफिस के उद्घाटन का जश्न मनाया, जो सुविधाओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## कवियत्री माधवी व कवि सरदार बलविंदर को स्वदेश स्मृति साहित्य सेवी सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मालवीय-अटल जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को तुलसी भवन प्रांगण में स्वदेश स्मृति साहित्य सेवी सम्मान 2023 सुप्रसिद्ध कवियत्री माधवी उपाध्याय एवं वरिष्ठ कवि सरदार बलविंदर सिंह को प्रदान करने का निर्णय सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से लिया है। दोनों विद्वान साहित्य सेवा में दीर्घ काल से सेवारत हैं एवं इनकी कई काव्य कृतियों का प्रकाशन भी हो चुका है।





### डीजीएमएस के निर्देश पर निरीक्षक दल ने मेघाहातुबुरु खदान का किया निरीक्षण

## दुर्घटना रहित सेलकर्मी व ठेका मजदूर हुए पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** खान सुरक्षा निदेशालय, चाईबासा रीजन के निर्देशानुसार 61वां वार्षिक मेटलिफरस खान सुरक्षा सप्ताह के तहत मेघाहातुबुरु खदान का निरीक्षण निरीक्षक दल ने किया. इस दल का नेतृत्व कनवेनर दीपक प्रकाश (गुआ लौह अयस्क खान) कर रहे थे. दल में साहाब अनवर एवं सिद्धांत शेखर (टाटा स्टील, नोवामुंडी), जीके नायक (सेल, मेघाहातुबुरु), अमला शंकर चटर्जी (टाटा स्टील, कालीमाटी लौह अयस्क खदान), राकेश कुमार नंदकोलियार (गुआ खदान), रथिन विश्वास (सेल, किरीबुरु, खदान) शामिल हैं. कार्यक्रम का थीम थिंक, टॉक एंड प्रैक्टिस सेफ्टी था. कनवेनर दीपक प्रकाश ने कहा कि कंपनी चलाने में बहुत खर्च के अलावा सुरक्षा भी अत्यन्त जरुरी है. सेफ्टी पर अगर हम अधिक ध्यान देंगे तो हमें काफी लाभ मिलेगा. टाटा स्टील, नोवामुंडी के अधिकारी साहाब अनवर ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर यह निरीक्षण हम सभी को लाभ देगा. सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिये हर वर्ष ऐसा आयोजन किया जाता है. मेघाहातुबुरु खदान ने इस बार शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त किया है. सेल, मेघाहातुबुरु के उप महाप्रबंधक जीके नायक ने कहा कि सुरक्षा के प्रति जागरुकता को जन-जन पहुंचाना है. खदान निरीक्षण के दौरान सुरक्षा संबंधित जो सुझाव मिलते हैं उसका पालन करते हुये सेफ्टी स्टैंडर्ड को और ऊंचा करना है. हमारे खदान 10 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है.



## आईएडीवीएल का दो दिवसीय सम्मेलन क्यूटिकॉन 23-24 दिसम्बर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट और लेप्रोलॉजिस्ट (आईएडीवीएल), जमशेदपुर झारखंड शाखा के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन क्यूटिकॉन 2023 का आयोजन आदित्यपुर स्थित द क्रूज में 23-24 दिसम्बर को किया जाएगा। सम्मेलन त्वचा विज्ञान का विकास-नवाचार के लिए मौलिक विषय के तहत आयोजित किया गया जाएगा, जो त्वचा विज्ञान की दुनिया में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि का वादा करता है। सम्मेलन का आयोजन आईएडीवीएल जमशेदपुर इकाई के द्वारा किया जा रहा है और इसका नेतृत्व आयोजन अध्यक्ष डॉ ए एन झा और आयोजन सचिव डॉ. राजीव ठाकुर कर रहे हैं। इसके साथ ही इस सम्मेलन में मुख्य संरक्षक डॉ बीरेंद्र नारायण प्रसाद , संरक्षक डॉ के एन मित्तल, डॉ ए एस प्रसाद, डॉ ए के सिंह, डॉ एस के रवि, डॉ एसएस बिरुआ और डॉ एस एस चौधरी है। साइनटिफ़िक चेयरपर्सन डॉ पी के बारला, साइनटिफ़िक सेक्रेटरी डॉ निशा मुंडा, डॉ बनश्री मजूमदार, कल्चरल चेयरपर्सन डॉ ए जे भूरी, और सेक्रेटरी डॉ एसथर निमिषा, सोवेनियर चेयरपर्सन डॉ एस एन सिंह, और सेक्रेटरी डॉ पल्लवी, रीसेप्शन चेयरपर्सन डॉ बिनोद कुमार और सेक्रेटरी डॉ दीप अनुराग, जॉइन्ट ऑर्गनइजिंग सेक्रेटरी डॉ किरण कुमरे, डॉ निकिता गुप्ता और कोषाध्यक्ष डॉ आर कुमार रहेंगे। उद्घाटन समारोह में देश के कोने-कोने से प्रमुख त्वचा विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। जिसमें झारखंड के जमशेदपुर, रांची, धनबाद समेत ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से भी चर्म रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन में कुल 150 चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है।




## स्वास्थ विभाग: मासिक परिवार कल्याण दिवस पर गर्भवती महिलाओं को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चाकुलिया आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर चल रहे मासिक परिवार कल्याण दिवस के मौके पर एएनएम नीतू कुमारी ने गांव की गर्भवती महिलाओं को कई सामग्री देकर पुरस्कृत करने का कार्य किया गया। गौरतलब है कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने को लेकर स्वास्थ विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को बच्चों में अंतर रखने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। इसी दौरान उन्हें उत्साह बढ़ाने को लेकर महिलाओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया।

## प्रदूषण के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रदूषण के खिलाफ कांड्रा के ग्रामीण एकजुट होने लगे हैं। इसके विरोध में स्थानीय ग्रामीण बुधवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान ज़िला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, कांड्रा पंचायत की मुखिया शंकरी सिंह, राहुल देव महतो, पूर्व उपमुखिया अनिल सिंह, संजय मोहंती, विपिन वार्ष्णेय के अलावा कांड्रा बाजार के दुकानदार व काफ़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल रहे। इस मौके पर ज़िप सदस्य पिंकी मंडल ने बताया कि दिन प्रतिदिन क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। यदि यही स्थिति रही तो प्रदूषण के कारण लोग बीमार पड़ने लगेंगे। उन्होंने प्रदूषण विभाग से इस गम्भीर समस्या पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर मौजूद भ्रष्टाचार नियंत्रण कमेटी के राहुल देव महतो ने कहा कि प्रदूषण क्षेत्र की प्रमुख समस्या बन गई है जिससे यहां के लोगों को रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदूषण विभाग इसके खिलाफ कार्रवाही नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।



## ट्रेलर की चपेट में आई बुर्जुग महिला, गंवाई दोनों पैर, लोगों ने किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क स्थित मिलन चौक के पास पिलीद चौराहे पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध महिला बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला पिलीद की रहने वाली। मौके पर पहुंची ईचागढ़ पुलिस अपने जीप पर तत्काल महिला को टीकर स्थित बासुदेव मेमोरियल नर्सिंग होम में इलाज हेतु भर्ती कराया। वहीं ग्रामीणों ने भाग रहे ट्रेलर को मौके से पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बृद्ध महिला सड़क पार कर रही थी, जहां अनियंत्रित ट्रेलर के चपेट में आने से वृद्ध महिला गिर गई और उसने पैर के ऊपर ट्रेलर का चक्का रौंद कर पार हो गया। पिलीद चौराहे पर गुस्साए ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक सिल्ली रांगामाटी सड़क को जाम कर सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर लगाने का मांग करते रहे। ग्रामीणों के मांग पर आखिर सड़क निर्माण कंपनी एम जी सीपीएल के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पीड ब्रेकर लगाया गया। स्पीड ब्रेकर लगाने के बाद ही सड़क जाम हटाया गया।



## झारखंड में खिलाड़ियों के लिए असीम संभावनाएं : महाबीर मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**जमशेदपुर :** गुड़ाबान्दा प्रखंड अंतर्गत मुड़ाकाटी पंचायत के महाबीर एफसी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू ने गुरुवार को जर्सी सेट देकर प्रोत्साहित किया। मौके पर मुर्मू ने खिलाड़ियों से कहा कि आगे भी हर संभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरियों में सीधी नियुक्ति कर रही है। मौके पर राम चंद्र हांसदा, 20 सूत्री सदस्य साकिला हेम्ब्रम, पंचायत अध्यक्ष दशमथ सोरेन, सचिव साहेबराम सोरेन, सह सचिव संजीत मुंडा, कोषाध्यक्ष हाड़ीराम सोरेन, बंकिम सोरेन, ग्राम प्रधान भीम सोरेन, आदि थे।

# दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी सैलानियों से गुलजार

**कांग्रेस महतो@प्रभात मंत्र**

**चांडिल :** सरायकेला जिला एवं पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी सैलानियों से गुलजार हो रहा है। सर्दी का मौसम रहे या गर्मी की, प्राकृतिक का आनंद और जंगल सफर पर जाने के लिए भारत में कई विकल्प मिल जाएंगे। लेकिन दलमा पहाड़ समुद्री तल से तीन हजार फीट की ऊंचाई पर बसे पर्यटन स्थल हैं, जो सैलानियों को अनेक तरह की वन्य जीव मनमहोक कर अपनी ओर आकर्षित करते हैं। प्राकृतिक के गोद में बसे दलमा के घने जंगलो में अनेकों वन्य जीव देखने को मिलता है, खास कर हाथी अभ्यारण के नाम पर दलमा प्रसिद्ध है।प्राकृतिक चट्टानों की गुफ़ाओं में बिराजमान है बुढ़ा बाबा यानी भगवान शिव की प्राचीन सिबलिंग, एवं दलमा माता मंदिर के गुफाएं के साथ वन विभाग द्वारा पर्यटकों के लिए व्यू पोइंट बनाया गया है जो जंगल की खूबसूरती को बेहतरीन से तरीके उसका आनंद ले सके। दिसंबर और जनवरी में यहां की खूबसूरती और बढ़ जाती है। झारखंड के प्रसिद्ध और सुंदर दलमा पहाड़, जो ऐतिहासिक प्राचीन भगवान शिव,दलमा माता, बजरंगबली की मंदिर घने जंगलो से घिरा है।यहां कुछ ऐतिहासिक प्राचीनकाल की गुफाओं को देख सकते हैं।





### दलमा में उमड़ रहें है पर्यटक, जंगल सफारी का आनंद ले रहे हैं टूरिस्ट

दलमा में इन दिनों पर्यटकों की बहार आ गई है।नवम्बर के बाद से ही दलमा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई, वन विभाग की रेस्ट हाउस फुल हो गए है। जिसके चलते कई पर्यटकों को तो घूमने के बाद जमशेदपुर, घाटशिला, चांडिल, या कहीं और होटल में ठहरना पड़ रहा है। रोजाना सुबह से लेकर शाम तक मकुलकोचा दलमा चेकनाका में भारी भीड़ के साथ चेकनाका आसपास के दर्शनीय स्थल को देखने पहुंच रहे हैं। वही वन विभाग की जंगल सफारी भी कम पड़ रहे कम। दलमा सफारी के लिए पर्यटक 2800 रु देकर लगातार बुक कर सफारी की आनद ले रहे हैं। इसके अलावा मकुलकोचा दलमा चेकनाका स्वागत द्वार पर सैलानियों का अभिनंदन कर रही हाथिनी रजनी भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है और सैलानियों का मनमोह कर हँसी खुशी विदा कर देती है।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में धूमधाम से मना क्रिसमस उत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित जुस्को स्कूल साउथ पार्क में क्रिसमस उत्सव के पूर्व संध्या पर छुट्टियों का जश्न धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस उत्सव की शुरुआत क्रिसमस असेंबली के साथ हुई, जहां मिडिल स्कूल के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांता क्लॉज़ ने छात्रों के बीच चॉकलेट बांटा जिससे छात्रों में खुशी और उल्लास देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मिली सिन्हा ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को उत्सव एवं नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं।

## राजनीतिक मुद्दा बना उपराष्ट्रपति का मिमिक्री

संसद का यह शीतकालीन सत्र कई कारणों से ऐतिहासिक साबित हुआ। सत्र के दौरान संसद की सुरक्षा में सेंध, फिर 146 सांसदों का निलंबन। इसके बाद उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के उपसभापति का मिमिक्री। ये तीनों घटनाएं इतिहास रचते नजर आया। उपसभापति का मिमिक्री तो बहुत बड़ा राजनीतिक मुद्दा भी बन गया। यह मुद्दा 2024 का लोकसभा चुनाव भी प्रभावित करेगा। संसद सत्र के दौरान जब विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किया गया, तो टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर दी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी उस मिमिक्री का वीडियो बना लिए। इसके बाद जब यह मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो बहुत जल्द कुछ नेता,इसके डैमेज कंट्रोल में जुट गए। उत्तर भारत के जाटों की तरफ से जगदीप धनखड़ को समर्थन मिलने लगा। जाट समुदाय की नाराजगी सामने आने लगी। सबसे पहले कांग्रेस पार्टी को यह अहसास हुआ कि जगदीप धनखड़ की %मिमिक्री% 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सदन में पीएम मोदी द्वारा की गई मिमिक्री का एक वीडिया वायरल किया, लेकिन वह डैमेज कंट्रोल के लिए काफी नहीं था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सामने आना पड़ा। उन्होंने कहा,जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए। खरगे ने सवाल किया, क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है।संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने वाले टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी तरफ, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के जाट समुदाय की ओर से धनखड़ के समर्थन में प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जाट समुदाय के नेताओं का कहना है कि यह जाट समुदाय का अपमान है। कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मिमिक्री के मामले में इंडिया गठबंधन भी अब एकमत नहीं दिखाई पड़ रहा। इंडिया गठबंधन की अहम नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में कहा, अगर राहुल गांधी ने वीडियो रिकॉर्ड नहीं किया होता तो आपको पता नहीं चलता। उन्होंने इशारे में कह दिया कि इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। उन्होंने मिमिक्री का वीडियो बनाया। बाद में वही वीडियो वायरल हो गया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मिमिक्री से राजनीतिक फायदा उठाने में देर नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने जगदीप धनखड़ से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा, मेरा साथ भी ऐसा होता रहा है। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी धनखड़ से मिलने पहुंच गए। भाजपा के मंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सोशल मीडिया में इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, टीएमसी सांसद ने जाट और किसान का अपमान किया है। उपराष्ट्रपति का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। इससे पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष को जमकर फटकार लगाई थी। धनखड़ ने कहा था, वो अपना अपमान बर्दाश्त कर लेंगे, खून का घूंट पीने को तैयार हैं, लेकिन इस पद और सदन की गरिमा नहीं गिरने देंगे। संसद में जाट समाज का अपमान किया गया। उनकी जाति को बेइज्जत किया गया। उनके अपमान पर कांग्रेस अध्यक्ष चुप रहे। दिल्ली में पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बयान जारी कर कहा कि टीएमसी सांसद को इस मामले में माफी मांगनी होगी।लोकसभा चुनाव के चार-पांच माह बाद ही हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में वहां पर कांग्रेस पार्टी मजबूत स्थिति में बताई जाती है। जाट समुदाय से आने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सत्ता वापसी के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। ऐसे में अब उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री और राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाना, इन सब बातों ने जाट समुदाय को नाराज कर दिया। इससे पहले जाट समुदाय, किसान आंदोलन और महिला पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भाजपा से दूरी बना रहा था। मिमिक्री मामले में अब भाजपा के करीब आता हुआ नजर आ रहा है। सोशल मीडिया में जाट समुदाय के बढ़ते आक्रोश को कांग्रेस पार्टी ने भांप लिया। एनडीए ने टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दो दिन पूर्व जगदीप धनखड़ के सम्मान में बीजेपी-एनडीए के सदस्यों ने राज्यसभा की कार्यवाही में एक घंटे खड़े होकर हिस्सा लिया। बीजेपी की महिला सांसदों ने दोपहर में संसद की गांधी प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी ने कहा कि वो देशभर में विरोध-प्रदर्शन करेगी। पूरे देश भर में राहुल गांधी का पुतला फूंक जीटी।संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूं। ये लोग संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को अपमानित करते हैं। पीएम को भी अपमानित करते हैं। क्योंकि ये सब गरीब बैकग्राउंड से आते हैं। आपको भी अपमानित किया। आप तो किसान बैकग्राउंड से हैं। उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, मुझे अपनी परवाह नहीं है। मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है।


### भारत के वेडिंग कारोबार और इसमें रोजगार को नई ऊंचाइयां दी जा सकती हैं

# 'वेड इन इंडिया' का आर्थिक अध्याय

डा. जयंतीलाल भंडारी

भारत की धरती पर, भारत के लोगों के बीच मनाएंगे, तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि शादियों के लिए खरीददारी करते समय भी सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को ही महत्त्व देना चाहिए। मोदी ने कहा कि अब देश को मेक इन इंडिया की तर्ज पर वेड इन इंडिया जैसे आंदोलन की जरूरत है। गौरतलब है कि देश में इस समय विवाह समारोहों के आयोजन यानी वेडिंग से जुड़ा कारोबार करीब 5 लाख करोड़ रुपए का है। इस वेडिंग कारोबार में 15-17 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी भी हो रही है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय देश के संपन्न वर्ग के लोगों के बीच 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के लिए विदेश जाना चलन बन गया है। ऐसे में यदि शादी के उत्सव को भारत की धरती पर, भारत के लोगों के बीच मनाएंगे, तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि शादियों के लिए खरीददारी करते समय भी सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को ही महत्त्व देना चाहिए। मोदी ने कहा कि अब देश को मेक इन इंडिया की तर्ज पर वेड इन इंडिया जैसे आंदोलन की जरूरत है। गौरतलब है कि देश में इस समय विवाह समारोहों के आयोजन यानी वेडिंग से जुड़ा कारोबार करीब 5 लाख करोड़ रुपए का है। इस वेडिंग कारोबार में 15-17 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी भी हो रही है। चूंकि शादी को कुछ खास अंदाज में करने के लिए देश के बाहर डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन अब मध्यवर्गीय परिवारों में भी देखा जा रहा है और खास तौर से कोरोना काल के बाद युवा विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, ऐसे में वेड इन इंडिया आंदोलन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाकर भारत के वेडिंग कारोबार और इसमें रोजगार को नई ऊंचाइयां दी जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि देश के अमीर वर्ग के लोग देश में ही डेस्टिनेशन वेडिंग को अपनाएं तथा दूसरी ओर विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग भी भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग की ओर आकर्षित हों, तो इसके लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। यह बात प्रचारित-प्रसारित करनी होगी कि जिस तरह विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए जो तैयारी होती है, उससे कम मूल्य में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से वे तैयारियां बहुत कुछ भारत में भी हैं। भारत में भी शिक्षित-प्रशिक्षित वेडिंग प्लानर उपलब्ध हैं। वेडिंग प्लानर वेडिंग के आयोजकों के साथ मिलकर न सिर्फ विवाह समारोह के लिए आयोजन की पूरी प्लानिंग करता है, वरन उस योजना को खास रूपरेखा प्रदान कर अंतिम रूप भी देता है। इनके द्वारा डेस्टिनेशन वेडिंग से लेकर शादी की विभिन्न रस्मों की आकर्षक थीम और



लजीज खानपान की व्यवस्था को खूबसूरत अंजाम दिया जाता है। डेस्टिनेशन वेडिंग के तहत शादी के निमंत्रण पत्र की डिजाइनिंग से लेकर, गिफ्ट पैकिंग और वेन्यू तय करने से लेकर बारात का स्वागत करने तक का सारा भार अलग-अलग वेडिंग कारोबार के विशेषज्ञों के द्वारा पूरा होता है। चूंकि आजकल लोगों के पास समय की बहुत कमी है और उनकी महत्वाकांक्षाएं बहुत ज्यादा होती हैं, आज हर कोई बिना तनाव एवं परेशानी लिए बेहतरीन वैवाहिक व्यवस्था करना चाहता है। इतना ही नहीं, विवाह के हर पहलू जैसे डेकोरेशन, संगीत, मेहंदी की रस्म, भोजन की व्यवस्था और दूल्हा-दुल्हन के परिधान आदि सब पर भी खास ध्यान दिया जाता है, ये सारी ऐसी व्यवस्थाएं हैं जो भारतीय वेडिंग प्लानर्स के द्वारा कुशलतापूर्वक पूरी की जा रही हैं और इससे विवाह में शामिल होने वाले मेहमानों के चेहरे पर भी खुशियां बनी रहती हैं। साथ ही वेडिंग प्लानर होने से शादी से संबंधित किसी कार्य के लिए परेशान नहीं होना होता है तथा विवाह में केवल सज-धज कर पहुंचना होता है। चूंकि विवाह समारोह जिस तरह वर्तमान समय में सामाजिक संस्कार के साथ-साथ व्यक्ति की प्रतिष्ठा का भी पर्याय बन गया है, साथ ही वर्तमान में विवाह से जुड़ी प्रत्येक चीज ट्रेंडी या विशिष्ट हो गई है, लेकिन परंपरा को बनाए रखने की चाह भी नहीं मिटी है। इसी वजह से आधुनिकता व परंपरा का समन्वय एक फैशन भी बन गया है। ऐसे में यदि भारत में संस्कार और संस्कृति के मूल्यों के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग के अभियान को आगे बढ़ाया जाए तो संपन्न वर्ग के लोगों में विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती हुई संख्या को सीमित किया जा सकता है, साथ ही विदेशों से भी भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ाया जा सकता है। निश्चित रूप से जहां एक ओर भारतीयों का विदेशों में विवाह आयोजनों का तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू वेडिंग उद्योग के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। ऐसे में सरकार और देश के वेडिंग आयोजनों से जुड़े निजी सेक्टर को रणनीतिक रूप से ध्यान देना होगा कि इस समय देश के जो वेडिंग डेस्टिनेशन आकर्षक बने हुए हैं, उन्हें और उपयुक्त बनाकर संपन्न वर्ग को लुभाया जाए। इनमें दिल्ली-एनसीआर, आगरा, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, मंसूरी, देहरादून, गोवा, अलवर, लवासा, पुणे, वाराणसी, ऋषिकेश, अहमदाबाद, गांधीनगर, वडोदरा, राजकोट, आनंद, भावनगर, वायनाड, कोझिकोड, अर्नाकुलम, मांडू, उज्जैन तथा इंदौर जैसी लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन शामिल हैं। इसके साथ-साथ सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा कि देश में जो चमकीले अनोखेपन वाले पर्यटन केंद्र हैं, उनके आसपास वर्तमान वेडिंग डेस्टिनेशन को विकसित किया जाए और नए वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाए। ज्ञातव्य है कि भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से लोगों को आकर्षित करती रही हैं। भारत एक ऐसा देश है जिसके पास हिमालय का सबसे अधिक हिस्सा, विशाल समुद्री तट-रेखा और रेत का रेगिस्तान, कच्छ में सफेद नमक रेगिस्तान, लद्दाख में ठंडे रेगिस्तान, देश के कोने-कोने में टाइगर रिजर्व समेत अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान जैसी प्राकृतिक विविधताएं हैं। देश के विभिन्न भागों में तटीय पर्यटन, समुद्र तट पर्यटन, हिमालय पर्यटन, साहसिक पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन, पर्यावरण पर्यटन, विरासत पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों के नजदीक वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वेडिंग सोच के साथ आकार दिया जाना होगा।

दृष्टि कोण

## शौर्य व पराक्रम की दास्तान बसंतर युद्ध.

बेशक भारत-पाक सेनाओं के दरम्यान सन्-1971 की शदीद जंग पूर्वी पाकिस्तान के महाज पर लड़ी जा रही थी, मगर पाकिस्तान के हुक्मरानों ने जम्मू-कश्मीर को हथियाने की हसरत कभी नहीं छोड़ी और भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाक जरनैलों के ख्वाबों की यह ताबीर एक मुद्दत से मुकम्मल नहीं हुई और न ही होगी। तीन दिसंबर 1971 को पाक वायुसेना ने भारतीय हवाई अड्डों पर हमले करके युद्ध का आगाज कर दिया था। पाक सेना का मंसूबा यह था कि भारत के पश्चिमी क्षेत्रों व जम्मू-कश्मीर पर हमला करके युद्ध का दायरा बढ़ाया जाए, ताकि आलमी सतह पर भारत की तत्कालीन हुकूमत पर कश्मीर मसले के समझौते के लिए दबाव बनाया जा सके। इस मंसूबे का जिक्र पाकिस्तान के साबिक मे. ज. 'फजल मुकीम खान' ने अपनी किताब 'पाकिस्तान क्राइसिस इन लीडरशिप' में किया था। पाकिस्तानी सिपाहसालार ले. ज. 'इरशाद अहमद खान' की कयादत में पाक सेना की 'प्रथम कोर' सियालकोट से बसंतर के रास्ते जम्मू-कश्मीर पर हमला करने की तैयारी कर रही थी। मगर इससे पहले कि पाक



फौज पंजाब सीमा पर कोई हिमाकत करती, भारतीय सेना ने चार दिसबंर 1971 को पाकिस्तान के 'शकरगढ़' सेक्टर में हमला करके पाक जरनैलों की पूरी तजवीज को नेस्तनाबूद कर दिया था। पश्चिमी मोर्चे पर लड़े गए उस युद्ध को 'बसंतर युद्ध' के नाम से जाना जाता है। सेना की '18 राजपूताना राइफल' ने आठ दिसंबर 1971 को शकरगढ़ में हमला करके पाक सेना की पेशकदमी को ध्वस्त कर दिया था। उस हमले में मेजर 'राजेंद्र सिंह राजावत' 'वीर चक्र' ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। बसंतर नदी के किनारे 15 दिसंबर 1971 को जरपाल कस्बे पर कब्जा करने में सेना की 'तीन ग्रेनेडियर्स' बटालियन ने अहम किरदार निभाया था। युद्ध में तीन ग्रेनेडियर्स की एक कंपनी का नेतृत्व मेजर 'होशियार सिंह' कर रहे थे। भीषण गोलीबारी के बीच जख्मी होने के बावजूद मे. होशियार सिंह ने अपने जवानों के साथ मिलकर पाक सेना की '35वीं फ्रंटियर फोर्स' के एक बड़े हमले को नकारा करने में अदम्य साहस का परिचय दिया था। बसंतर युद्ध में शत्रु की लाशें बिछाकर तीन ग्रेनेडियर्स के 33 सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जंग में उच्चकोटी के सैन्य नेतृत्व के लिए मेजर होशियार सिंह को सर्वोच्च सैन्य पदक 'परमवीर चक्र' से अलंकृत किया गया था। सन्-1971 की जंग के एकमात्र जीवित 'परमवीर चक्र' विजेता मे. होशियार सिंह ही थे। शकरगढ़ के उसी युद्ध में पाक सेना ने अमेरिका से खैरात में मिले पैटन टैंकों से भारतीय पोजिशन पर हमला किया था। पाक टैंकों का सामना करने के लिए कर्नल 'हनुत सिंह राठौर' की कमान में सेना की टैंक रेजिमेंट 'पूना हार्स' बसंतर के रण में मुस्तैद थी। कर्नल हनुत सिंह व ले. 'अरुण खेत्रपाल' के नेतृत्व में पूना हार्स ने जोरदार पलटवार करके पाकिस्तान की 13वीं लांसर्स के टैंकों को कब्रिस्तान में तब्दील कर दिया था। अरुण खेत्रपाल ने अपने टैंक से अकेले ही शत्रु के चार टैंकों को नष्ट करके रणभूमि में शहादत को गले लगा लिया था। युद्ध में उच्चकोटि की शूरवीरता के लिए ले. अरुण खेत्रपाल को 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा गया था तथा 'फक्र-ए-हिंद' कर्नल हनुत सिंह राठौर को 'महावीर चक्र' से सरफराज किया गया था। देश के लिए लड़े गए युद्धों में यदि वीरभूमि हिमाचल के रणबांकुरों का जिक्र न किया जाए, तो सेना के शौर्य की तारीख अधूरी रहेगी। शकरगढ़ सेक्टर के उसी बसंतर युद्ध में पाकिस्तान के 27 टैंकों को खाक में मिलाने वाली भारतीय सेना की टैंक रेजिमेंट 'चार हार्स' के कमान अधिकारी हिमाचली शूरवीर कर्नल 'राजमोहन वोहरा' थे। सेना की चार हार्स ने पाकिस्तान के टैंकों, मिसाइलों व बारूदी सुरंगों को बर्बाद करके चमरोला, लगवाल व ठाकुरद्वारा जैसे इलाकों पर कब्जा जमाया था। शकरगढ़ में भारतीय टैंकों का हमला इतना भयानक था कि पाकिस्तान की 'आठवीं टैंक ब्रिगेड' लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई थी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन रामगढ़ में निकाली गई आक्रोश रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** इंडी नेताओं द्वारा उपराष्ट्रपति व राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के प्रति अशोभनीय हरकत करने तथा झारखंड प्रदेश में उत्पन्न संवैधानिक संकट, आकंठ भ्रष्टाचार ,ध्वस्त विधि व्यवस्था और युवाओं को नौकरी देने के नाम पर ठगी करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा महा आक्रोश रैली छत्तरमांडु स्थित होटल टी एंड ट्री से समाहरणालय तक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में निकाली गई। सभी उपस्थित भाजपा नेतागण और कार्यकर्ताओं ने उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। झारखंड में भ्रष्ट निकम्मी हेमन्त सरकार को बर्खास्त करो ! की तख्तियां लेकर अपनी गुस्सा प्रकट कर रहे थे। रैली समापन उपरांत भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम एक त्राहिमाम संदेश जिसमें हेमन्त सरकार के 4 वर्षों के नाकामियों, वादाखिलाफी ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिला उत्पीडन, पुख्ता सबूतो के बाद भी भ्रष्टाचारियों



पर हेमंत सरकार की उदासीनता सहित मुख्यमंत्री द्वारा इडी के छह समन को नजर अंदाज करने से राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट को लेकर तथा हेमन्त सरकार को बर्खास्त करने को लेकर विज्ञप्ति जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ जिला उपायुक्त को सौंपा गया। झारखंड प्रदेश के पूर्व बीस सुत्रीय उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी के नेताओं द्वारा लगातार संवैधानिक पद पर बैठे माननीय का अपमान करते रहे हैं ।जिस तरह से राहुल गांधी के नेतृत्व में टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अशोभनीय तरीके से मिमिक्री करना घोर निंदनीय है। यह अपमान किसान,ओबीसी और देश के हर नागरिक का है आज इसी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर के जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली आयोजित है। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ का अपमान देश की जनता नहीं सहेगी । वही हेमन्त सरकार पर भी जोरदार हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी इस सरकार को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने घमंडिया गठबंधन के आचरण को स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक बताया। संचालन जिला महामंत्री रंजन फ़ौजी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष मनोज गिरी द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, नारायण चंद भौमिक, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, विधानसभा प्रत्याशी रहे रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, डाक्टर संजय कुमार सिंह, डाक्टर(प्रो) संजय प्रसाद सिंह, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आदि थे ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सोसो कलां व मगनपुर पंचायत पहुंचा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने की दिशा में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ गुरुवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के धमना टांड़ शिवालय के समीप तथा मगनपुर पंचायत के बाजारटाँड़ पहुँचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के पहुँचते ही भारी संख्या में ग्रामीण रथ को देखने उत्साहित होकर पहुँचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के मध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। साथ ही सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा राष्ट्वादी नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी। इस दौरान इंडियन गैस वितरक मगनपुर की ओर से 5 लाभुकों के बीच नया गैस दिया गया। लोगों ने बैंक के द्वारा अपने खातों में बीमा के संबंध में खुद बताया कि प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् 436 रूपये व 20 रूपए के लाभ के बारे में जानकारी बताई गई।

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत् जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर लगातर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण किया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को भी प्रखंड के बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य, थाना प्रभारी प्रभात कुमार, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार के द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत के तहत् किया जा रहा है।जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।उन्होंने ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं तथा पेयजल, शौचालय,लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह् जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम के निर्देशानुसार पीएलवी बिंद्रे कुमार पाठक ने गोला प्रखंड के ग्राम कमती में आदिवासियों को वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन का दिलाया लाभ। विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले गाँव-गाँव में जाकर जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का मिला लाभ। विधिक जागरूकता कैंप में ग्रामीणों ने बताया कि, मेरी उम्र वृद्धा पेंशन योजना पाने के योग्य हो गया है परंतु इसका लाभ मुझ जैसे गरीब आदिवासियों को नही मिल रहा हैं साथ ही एक विधवा आदिवासी महिला की भी यही समस्या थी कि फॉर्म भरकर थक चुके हैं कोई हमलोग की बात नहीं सुनता है। उनकी समस्या सुनकर मैंने उनकी समस्या का समाधान करने की ठानी। सभी लोगो का फॉर्म भरकर गोला ब्लॉक ले जाकर फॉर्म को जमा किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया और कहा कि काम हो जायेगा। परंतु कुछ दिनों बाद जाँच करने पर पता चला कि अभी तक कंप्यूटर में चढ़ा ही नहीं है तो उसको चढ़वाया गया, तो कभी बोला गया आधार कार्ड का नंबर दीजिए तो पता चलेगा, फिर सभी का आधार नंबर ले जाकर दिया गया तो कहा गया कि काम हो जाएगा, लगातार खोजखबर लेते रहने के बाद अंततः आदिवासियों को वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने में कामयाबी मिली।

## बाइक की डिक्की तोड़ एक लाख ले उड़े चोर

**कुज्जू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के कुज्जू ओ पी क्षेत्र के नावाडीह, बड़गांव निवासी महेश प्रजापति पिता महावीर महतो की बाइक की डिक्की तोड़ उच्चके एक लाख रुपए ले उड़े। घटना की सूचना भुक्तभोगी महेश द्वारा कुजू ओपी पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार महेश प्रजापति अपने पिता महावीर महतो संग बैंक आफ इंडिया कुजू शाखा से एक लाख रुपए की निकासी कर बाइक संख्या जेएच 24बी-5880 की डिक्की में रख घर लौट रहे थे। इस दौरान सारूबेड़ा एसबीआई शाखा के समीप फल खरीदकर जैसे ही उनकी नज़र डिक्की पर पड़ी। डिक्की टूटी हुई थी, साथ ही एक लाख रुपए व पास बुक गायब थी।उल्लेखनीय है कि कुजू क्षेत्र में उच्चके एक बार पुनः सक्रिय हो गए हैं। जिसका शिकार आमजन हो रहे हैं।



## सयाल दक्षिणी में स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल दक्षिणी पंचायत में गुरुवार को रेलवे साइडिंग टिपला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में दक्षिणी पंचायत के मुखिया जगदीश साव ने स्कूली बच्चों को स्वेटर व गर्म कपड़ों का वितरण किया। मुखिया जगदीश साव ने कहा कि ठंड को देखते हुए स्कूली बच्चों के बीच आज स्वेटर व गर्म कपड़ो का वितरण किया जा रहा है। वहीं जरूरतमंदों व असहाय लोगों को भी गर्म कपड़ा व कंबल दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रूखसाना खातून, सहायिका सुक्रो देवी, पिंकी देवी,आबदा खातून,अजमुन निशा,सायरा खातून आदि पंचायत की महिलाएं मौजूद थी।

## भाकपा माले ने बुमरी में कामरेड विनोद की 25वीं स्मृति दिवस पर दिया श्रद्धांजलि

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले के पूर्व महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा का 25वीं स्मृति दिवस बुमरी ब्रांच में गुरुवार को मनाया। भाकपा-माले द्वारा कामरेड विनोद मिश्रा 25वीं स्मृति दिवस 18-24 दिसंबर तक चलनेवाले संकल्प कार्यक्रम हैं। अवसर पर कामरेड विनोद मिश्रा की तस्वीर पर जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया, कांति देवी,रामा बेदिया सहित दर्जनों पार्टी सदस्यों ने फूलमाला व पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही केंद्रीय कमिटी के आह्वान का पाठ और उस पर चर्चा किया गया। ब्रांचों के गठन-पुनर्गठन, नवीकरण व भर्ती के कार्य को तेजी लाकर पुरा करने पर बल दिया गया।

## जानलेवा बना कोयले का चूल्हा, दम घुटने से चार की मौत, तीन गंभीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत का ह्रदय विदारक सूचना सामने आई है,वहीं 3 की हालत गंभीर है।जिनका ईलाज आरोग्यम अस्पताल में हो रहा है। घटना बुधवार रात की है जब भुक्तभोगी कमरे में कोयला जलाकर सो रहे थें।सभी पीड़ित बिहार के बताए जा रहे हैं। बताते चलें कि विगत 21 दिसंबर, 2021 को पेलावल-रोमी में ऐसी ही त्रासदी हुई थी जहां कोयला अंगीठी जलाकर सो रहे तीन लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय अधिकारी दोनों घटनाओं की गहन जांच कर रहे हैं, जिससे ऐसे दुखद परिणामों को रोका जा सके। अपने सुधि पाठकों से हमारी भी अपील है कि जागरूक बनें,ऐसी गलतियों से सतर्क रहें।

## हेमन्त सरकार के विरोध में भाजपा का आक्रोश मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गुरुवार को भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट व ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ शहीद स्मारक स्थल से समाहरणालय तक आक्रोश मार्च किया। आक्रोश मार्च उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सभा में तब्दील हो गया जहां, वक्ताओं द्वारा हेमंत सरकार पर जमकर भड़ास निकाली गयी।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।विधि व्यवस्था पूर्ण रूपेण ध्वस्त हो गया है। आए दिन चारों तरफ हत्या लूट, छिनतई व बलात्कार की घटनाएं घटित हो रही है।पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू ने तो वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है ।इससे पहले इतनी राशि एक व्यक्ति के यहां से बरामद नहीं हुई थी। आज नौबत यहां तक पहुँच गयी है कि ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के असंवैधानिक रवैये की वजह से कोर्ट से वारंट लेने के लिए आगे बढ़ गयी है। जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि सरकार के तानाशाही रवैये की वजह से भाजपा सदन में आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि सदन में भाजपा विधायकों को जितना रोक टोक किया जायगा उतना मुखर होकर विरोध दर्ज किया जायेगा। यादव ने आगे कहा कि जिस प्रकार उप राष्ट्रपति की कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के सामने खिल्ली उड़ाई थी उसे देश की जनता कभी माफ नही करेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचित गरिमामई पद पर बैठे सांसद भी भूल गए हैं कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन माननीय के प्रति किस प्रकार की मर्यादित व्यवहार करनी चाहिए।

## बरही जेएसएलपीएस की ओर से ब्लॉक स्तरीय महिला कब्बड़ी मैच का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड मैदान में जेएसएलपीएस की ओर से ब्लॉक स्तरीय महिलाओं के बीच कब्बड़ी मैच का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में बरही, चौपारण, चलकुशा एवं पदमा की जेएसपीएलएस की महिलाओ ने भाग ली। कबड्डी मैच प्रारंभ होने के पहले बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने सबका परिचय ली एवं टॉस करवाकर कबड्डी मैच का प्रारंभ किया गया। महिलाओं में प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चौपारण प्रखंड की टीम विजय प्राप्त की। बरही टीम उप विजेता बनी। जेएसएलपीएस के इस कार्यक्रम को सरहाना करते हुए जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने कही कि महिलाओं के बीच ऐसे खेलो का आयोजन से जहां उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, वहीं उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ साथ झिझक भी टूटता है। विजेता और उपविजेता टीम को जिप सदस्या प्रीति कुमारी, बीएसए के अब्दुल मनान वारसी, बीपीएम दीपका कुमार, बीपीओ शेखर पाण्डेय के द्वार शील्ड व मेडल देकर सभी खिलाड़ी को मनोबल बढ़ाया गया। मौके पर सीसी राजू कुमार, चंदन कुमार, राखी कुमारी, नगीना देवी, आईपीआरपी नलिता, संजू, पुष्पा, एडमिन सत्यप्रकाश जेंडर सीआरपी ललिता, किरण, लीलावती, सीएलएफ अकाउंटेंट सकुंती बरही सीएलएफ अध्यक्षा कविता देवी आदि चार प्रखंड की महिलाएं उपस्थित थी।

## गरसुला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गरसुला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के अध्यक्ष छक्कन बेदिया एवं संचालन प्रखंड समन्वयक आशीष कुमार पासवान ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया छक्कन बेदिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। पूरे प्रदेश में शिविर लगने से लाखों लोगों को फायदा हुआ है और ग्रामीणों को संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। शिविर में कुल 1104 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मात्र 65 आवेदन का स्थल पर ही निपटारा किया गया बाकी आवेदन पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभिन्न विभागों में अग्रसारित कर दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, एमओ उमाशंकर प्रसाद, बीपीओ अरुण पासवान, प्रखंड समन्वयक, नीलकंठ महतो, रश्मि टुडू , राजा खान, बुद्धिनाथ साव, हेमन्त भुईयां आदि उपस्थित थे।

## राणी सती मंदिर में दादी का विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती दादी मंदिर में गुरुवार को राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम मनाया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले अग्रसेन भवन से भव्य बारात निकाली गई। बारात करीब एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में नगर भ्रमण किया। बारात के आगे आगे ढोल नगाड़े चल रहे थे तो वही पीछे महिलाएं और पुरुष जय दादी की जय कारे लगा रहे थे। तो वही दादी भक्त दादी भजन पर जमकर नृत्य करते नजर आ रहे थे, इसी के साथ राणी सती मंदिर परिसर पहुंचकर बारात समाप्त हुई। इसके बाद बारात का स्वागत फूलों की वर्षा के साथ किया गया, बारात मे तनधन जी स्वरूप मे पारी अग्रवाल थी,वही बिंदायक के रूप मे संचित अग्रवाल थे। वही मंदिर परिसर में दादी स्वरूप मे आध्या अग्रवाल थी। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद वरमाला का रस्म पूरा किया गया। मंदिर परिसर में दादी भक्तों ने जमकर जय दादी की जयकारों की गूंज लगाई। दादी के विवाह उत्सव मे विवाह समारोह की तरफ पूरी रस्म अदा की गई, दादी भक्तों ने दादी के भजन पर जमकर नृत्य किया। जिसके बाद सभी ने बालस्वरूप तनधन जी,दादी जी एवं बिंदायक जी से आशीर्वाद लिया।

## सांसद प्रतिनिधि के घर पहुंचे विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** तीन दिवसीय दौरे पर हजारीबाग जिला के चूरचू प्रखंड एवं सदर प्रखंड पहुंचे विदेशी मेहमान जिसमें सिंगापुर से हन हाई क्वांग ,चांग साई फूंग, हन ची साई, हां इन सीआई, लॉ पोह हां, लॉ किन सेन कैनेथ, मलेशिया से चांग साई हवा, के. एच चान पहुंचे थें।सिंगापुर एवं मलेशिया से आई हुई टीम हजारीबाग के सुदूर वर्ती प्रखंड चुरचू एवं सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं जनजाति समाज से मिलकर यहां की संस्कृति और रहन-सहन को जाना। टीम के सदस्य सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा के साथ चुरचू प्रखंड के लारा नदी एवं लारा गांव का भ्रमण कर यहां के जनजाति एवं स्थानीय लोगों से मिले। सिंगापुर एवं मलेशिया से आई हुई टीम लारा नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर मंत्र मुक्त हुए और गांव में झारखंडी व्यंजनों का आनंद लिया। भ्रमण के बाद पूरी 13 सदस्यीय टीम हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा किसान मोर्चा के अनूप भाई वर्मा के आवास पर पहुंचे जहां,अनूप भाई वर्मा,मनमीत अकेला ,जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी सतीश कुमार, हर्ष कुमार ,ज्योति सिंह ,सुप्रिया सिंह एवं रिया सिंह ने सभी मेहमानों को परंपरागत तरीके से तिलक चंदन लगाकर एवं भगवा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं उन्हे धुस्का बर्रा पकौड़ी खिलाकर एवं गुड़ की चाय पिलाकर विदा किया।

## कम उम्र में बाइक चलाने वाले बच्चों के अभिभावक, बिना हेलमेट, तीन लोड बाइक सवार रहें सावधान : थाना प्रभारी रामनारायण सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय एवं इसके आस-पास प्रायः प्रतिदिन सड़क दुर्घटना की खबर आती रहती है। बड़ी दुर्घटनाओं की खबर तो अखबार में छपती है,परन्तु थोड़ी-मोड़ी चोट की घटनायें गुम हो जाती है। परन्तु इस विषय पर गंभीरता से सोचने का समय है। अभिभावकों को चिंतन करना चाहिये कि हम अपने बच्चों की सुरक्षा एवं बच्चों के द्वारा किसी की दुर्घटना में मृत्यु को समय पर सचेत होकर रोका जा सकता है। आज मैंने बाइक सवारों को मोबाइल पर बात करते हुए फ़ोटो लेने के समय गौर किया तो पाया कि क्या युवा,बुजुर्ग,लड़कियाँ सभी फर्राटे भरते हुए अपनी बाइक एवं स्कूटी चला रहे थे,परन्तु किसी ने हेलमेट पहनने की जहमत नहीं उठाई। 100 बाइक सवारों में करीब 98 प्रतिशत लोग फोन आने पर बाइक किनारे करके रोककर बात नही करते,वे व्यस्त सड़क पर कंधे में मोबाइल सिर से दबा कर बात करते निकल जाते जो अब आम हो गया है। ध्यान भटकने पर बड़ी दुघर्टना हो इससे वे भी इस बात को नही नकारते परन्तु अभिभावकों द्वारा जब इस तरह के कार्य किये जायेंगे तो हम बच्चों से ये ना करें इसकी इच्छा कैसे प्रकट कर सकते है। हमसबों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। विष्णुगढ़ कॉलेज में छुट्टी के वक्त करीब एक से दो बजे के बीच मनचलो एवं कॉलेज के छात्रों द्वारा बाइक राइडिंग का नजारा देखा जा सकता है। पैदल आने वाली छात्रों के बगल से मनचले बाइक से फर्राटा भरते छेड़ कर निकलते है ।

## विकसित भारत संकल्प रथ का चोपदार बलिया एवं नापो खुर्द पंचायत में भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय द्वारा बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण सभी पंचायतों मे हो रही है। जिसके तहत गुरुवार को बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के चोपदार बलिया एवं नापो खुर्द पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान स्टॉल लगाकर कई योजनाओं का लाभ एवं जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जल जीवन मिशन, प्राकृतिक खेती, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना तथा अन्य मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव से ब्लॉक लिपिक विवेक आनंद, दीपक केरकेट्टा, स्वास्थ्य केंद्र कुमारी धनवार भल्ले, सीएचओ बसंती देवी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि पुनम साव, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, पंसस गणेश साव, समनिका देवी, गणेश प्रसाद गुप्ता, दामोदर कुमार के साथ साथ जेएसपीएल, गैस एजेंसी, स्वास्थ्य केंद्र के कई अधिकारी, वार्ड सदस्य एवं कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत जकात मांझी परगना महल प्रखंड बरकट्ठा अध्यक्ष व सचिव ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय में योगदान दिए नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग को आज भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा व सचिव मनोज कुमार मूर्मू ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।इस अवसर पर प्खंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि भारत जकात मांझी परगना महाल बरकट्टा के द्वारा नए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती रोशमा डुंगडुंग को पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया गया।कन्हाय बेसरा, दासो मुर्मू, शिबू टुडू, मणिलाल हंसदा, अर्जुन बेसरा, शहदेव मरांडी, रोहित टुडू, दिनेश बास्के, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर धनवार पंचायत में तैयारिया प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में 23 दिसंबर दिन शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यकार होना तय है। जिसे लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है, पंचायत भवन धनवार परिसर को चारो तरफ से सजाया जा रहा है, टेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लाभुको का फॉर्म मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में भरा जा रहा है। इस बाबत स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया की पंचायत के सभी लाभुकों को कार्यक्रम में शामिल करवाना एवं सभी के कार्यो का समय से निष्पादन करवाना हमारा उद्देश्य हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के सभी आहर्ता धारी लाभुकों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।


## जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** पीडबल्यूडी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जॉनी रूफिना तिर्की, ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक शंभू कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कर्जन खेल मैदान में किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एनएसएस समन्वयक जॉनी रूफिना तिर्की ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है और युवा वर्ग इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं।मौके पर महाविद्यालय के निदेशक शंभू कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हम पीछे नही हटेंगे द्य वही महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा जो खिलाड़ी राज्य व राष्ट्र स्तर पर खेलेंगे उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा । इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन आगामी 26 दिसंबर को होगा।

## बढ़ते शीतलहरी से बचाव के लिए जिप सदस्या ने की अलाव की व्यवस्था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही पिछले सप्ताह से पूरा झारखंड शीतलहर की चपेट में है।ऐसी स्थिति में जनमानस के जीवन को राहत दिलाने के लिए बरही पश्चिमी से जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता सामने आई और बरही चौक चौराहे पर अपने निजी कोष से अलाव की व्यवस्था की। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूदेव गुप्ता, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, चंदन कुमार, प्रभु राणा सहित अन्य लोग मौजूद थे। गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि जन सेवा ही हमारी प्राथमिकता है।

## रेन्बो स्कूल बरही में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुआ संपन्न, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में स्थित रेन्बो स्कूल बरही में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन हो गया। बतौर अतिथि बरही इंटर कालेज के प्राचार्य अरुण कुमार दुबे शामिल हुए। तीन दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा नवमी तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उनके बीच खो-खो, शाटपुट, जेबलिंग, कबड्डी, लंबी कूद, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, 50 मीटर, सौ मीटर की रेस आदि खेल प्रतियोगिताएं हुई। जिनमे वॉलीबाल में अंबेडकर हाउस, कबड्डी मुकाबले में अंबेडकर हाउस, टग ऑफ वार में दयानंद हाउस, जूनियर टैग ऑफ़ वार में भी अंबेडकर हाउस, लड़कियों में खो-खो चंद्रशेखर हाउस, वही लडको में खो-खो का विजेता दयानंद हाउस रहा। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। बतौर अतिथि बरही इंटर कालेज प्राचार्य अरुण कुमार दुबे ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है। इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है। इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है।

## नौजवान करेंगे बदलाव का शंखनाद : संजय मेहता

**हजारीबाग बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नौजवानों की टोली ने पिछले दो साल में झारखंड के भीतर राजनीतिक खलबली मचा दी है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले जयराम महतो एवं संजय मेहता के नेतृत्व में पूरे राज्य के भीतर बड़ा आंदोलन छेड़ दिया गया है। लगातार बड़ी - बड़ी सभाएं की जा रही है। बदलाव संकल्प सभा के माध्यम से संजय मेहता एवं जयराम महतो ने सैकड़ों सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान लाखों की भीड़ उमड़ी। अब एक बार फिर जेबीकेएसएस ने बड़ी सभा का एलान कर दिया है। इसे झारखंडी महापंचायत का नाम दिया गया है। इसमें हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत अन्य हिस्सों से लगभग एक लाख लोगों का जनसैलाब मैदान पर उतारने की तैयारी है। दरअसल जिन स्थानीय, नियोजन, पुनर्वास के मुद्दों पर नौजवान झारखंड में यह लड़ाई लड़ रहे हैं उन मुद्दों का नीतिगत समाधान चाहते हैं। हालांकि इस बीच इन नौजवानों ने नेतृत्व में हकमारी को भी एक मुद्दा बनाया है। नौजवानों का कहना है कि झारखण्ड यदि अलग राज्य बना है तो यहाँ सांसद - विधायक बनने का पहला हक झारखंडियों का है। लेकिन राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के छल के कारण झारखंड के लोग नेतृत्व में हक पाने से वंचित हो जा रहे हैं। ऐसे में झारखंड की जनता में राजनीतिक चेतना लाना बेहद जरूरी है। झारखंड की जनता अपना वोट झारखंडी माटी के बेटा - बेटी को दे।सभा से पूर्व हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र एवं अन्य हिस्सों के हर पंचायत एवं गाँव में जन जागरूकता अभियान चलेगा। जिसमें लोगों से हज़ारीबाग चलने का आह्वान किया जाएगा। हजारीबाग में 24 जनवरी को होने वाले इस झारखंडी महापंचायत में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के करीब एक लाख लोग शामिल होंगे। इसके लिए बूथ एवं पंचायत स्तर तक की कमिटी को सक्रिय किया गया है।

## वाहन जाँच के दौरान विष्णुगढ़ से चोरी पल्सर बाइक के साथ, चोर को धर दबोचा

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णु थाने की पुलिस ने वाहन जांच में विष्णुगढ़ हास्पिटल चौक में चोरी की पल्सर बाइक जब्त कर आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया।आरोपी बगोदर का रहने वाला बताया गया है। बताते हैं वाहन जांच करने के दौरान गोमियां की ओर से आ रही बाइक में सवार आरोपी सामने पुलिस को देखकर पीछे मुड्कर भागने की कोशिश करने लगा।जिसे मौके पर उपस्थित पुलिस ने पकड़ लिया।मांगने पर बाइक से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत करने में उसने असमर्थता जाहिर कर दी।सख्त लहजे में पुछताछ करने पर आरोपी ने किसी गुलगुलिया से कम दाम में बाइक खरीद कर उसपर दूसरा नंबर लिखकर उपयोग में लाने की बात बताई।जिस पर थाने की पुलिस ने उसके विरूद्ध थाने में मामला दर्ज किया। थाना पुलिस के मुताबिक इस संबंध में 289/2023 भादवि की धारा 414, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त अटका निवासी तिलों मुसहर की ठंड से विष्णुगढ़ में मौत

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ ,भेलवारा के पास रोल पत्थर एन एच -100 के किनारे अज्ञात शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। शव के पहचान के लिए विष्णुगढ़ ने पुलिस काफी प्रयास किये,काफी छानबीन के पश्चात शव की पहचान की गई। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का नाम तिलों मुसहर,पिता-बरहिल मुसहर,उम्र-34 वर्ष अटका ,बगोदर का निवासी है। बताया जाता है,कि तिलों मुसहर मानसिक रूप से विक्षिप्त था,जिसे ठंड लगने से मौत होने की आशंका जताई गई है।

## प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो निवासी प्रवासी मजदूर का मुंबई में मौत, गांव में पसरा मातम

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो गांव का एक प्रवासी मजदूर नितिन कुमार चौधरी उम्र 25 वर्ष पिता नारायण चौधरी का मौत मुंबई में हो गई है.इस घटना के बारे में सलैया निवासी प्रवासी मजदूर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक पढ़ा लिखा शिक्षित बेरोजगार युवक था. जो कुछ माह पहले ही रोजी-रोटी के तलाश में मुंबई आया था और मुंबई के ठाने में किराए के मकान में रहकर ओला गाड़ी का चालक था.और जीवन यापन करता था।आगे उन्होंने बताया कि विगत 10-15 दिन से वह डिप्रेशन की स्थिति में प्रतीत हो रहा था तत्पश्चात 20 दिसंबर को उनके साथ रहने वाले साथी अपने-अपने ड्यूटी पर चले गए लेकिन वह ड्यूटी नहीं गया।ड्यूटी से लौट साथी देखा कि कमरा अंदर से बंद है तो दरवाजा खोलने का कोशिश किया लेकिन काफी मशक्कत के बाद दरवाजा नहीं खुला तो अंततः दरवाजा तोड़कर देखा तो नितिन चौधरी फंदे से लटक रहा था । जिसकी सूचना स्थानीय थाना व प्रवासी मजदूरों के हीत में कार्य करने वाली झारखंडी एकता संघ को दिया गया तत्पश्चात झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद व संघ के ठाने अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद के पहल पर सभी प्रवासी मजदूरों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर आर्थिक सहयोग किया गया और पार्थिव शरीर को गांव लाने की तैयारी की गई,उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह पार्थिव शरीर को विमान के द्वारा गांव लाया जाएगा।घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।मौके,जेबीकेएसएस के प्रवासी मजदुरों के नेता बिरेंद्र कुमार,इंद्रदेव प्रसाद , मंटू प्रसाद,सुनील कुमार , नरेश प्रसाद,नुनु प्रसाद,सुरेश प्रसाद,संतोष चौधरी,लक्ष्मण प्रसाद,तेजो प्रसाद,पिंटू प्रसाद,दिनेश प्रसाद , राजकुमार प्रसाद,कुलदीप प्रसाद,निरंजन प्रसाद , छोटेलाल प्रसाद,महेंद्र प्रसाद , रिंकू कुमार,वरुण प्रसाद , बालेश्वर प्रसाद,भोला प्रसाद सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर सरकार से मदद की उम्मीद

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों का खाना-पीना अब समाप्त हो गया है और कंपनी ने किचन का दरवाजा में ताला लगा दिया है। भारतीय दूतावास ने तीन दिनों के लिए उन्हें खाना-पीना उपलब्ध कराया था।प्रवासी मजदूरों की मदद करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली को पिछले 6 दिसम्बर को वाट्सएप कॉल के माध्यम से कहा था कि 11 मई 2023 को सभी मजदूर कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी के ट्रांसमिशन लाइन में काम करने कॉन्ट्रैक्ट पर सऊदी अरब गये थे।इसके एवज में बतौर कमीशन 55 हजार रुपये का भुगतान करना पड़ा. काम के बदले लाइनमैन को 1500 रियाल, हेल्पर को 1100 रियाल के अलावा ओवरटाइम के लिए 750 रियाल और खाने-पीने के लिए अलग से 300 रियाल देने का आश्वासन मिला था।पर सात महीना काम करवाकर कंपनी ने मात्र दो महीने की मजदूरी का भुगतान किया।शेष भुगतान के लिए टालमटोल रवैया अपना रही है।इसके बाद मजदूरों ने हड़ताल ने कर दी तो कंपनी ने उन्हें खाना-पीना देना बंद कर दिया है।जिसे लेकर सउदी अरब में फंसे मजदूरो ने तीसरा विडियो बनाकर कर सरकार से मदद की गुहार लगायी है। प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

## फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई : अब्दुल मनान

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखण्ड के बरसोत पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बरसोत पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया।

## एमेजॉन इंडिया ने पूर्व-सैनिकों को नौकरी के अवसर देने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज एमेजॉन इंडिया ने पूर्व-सैनिकों को कंपनी में नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय तट रक्षक (ICG) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो कंपनी में एक समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।एमेजॉन इंडिया में काम करने वाले लोगों में विविधता, समानता और समावेशन पर निरंतर ध्यान दिया जाता है, ताकि अलग-अलग लोगों के दृष्टिकोण को महत्व व सम्मान मिल सके। कंपनी एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देती है जो विकास के लिए अनुकूल हो और लोगों को अपनी पूरी क्षमता के साथ सबसे बेहतर काम करने में समर्थ बनाए। महिलाओं, LGBTQIA+, पूर्व सैनिकों और दिव्यांगों को एक समान अवसर देकर कंपनी विभिन्न पृष्ठभूमि, जनसांख्यिकी और सामाजिक स्तर के लोगों को अवसर उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ सालों में एमेजॉन इंडिया ने अपने कार्यबल में विविधता, समानता और समावेशन लाने के लिए कई पहल शुरू की हैं।एमेजॉन इंडिया ने अगस्त 2019 में भारत में अपने के फुलफिलमेंट नेटवर्क में पूर्व सैनिकों और उनके जीवनसाथियों को सैकड़ों अवसर देने के लिए मिलिट्री वेटरन रोजगार कार्यक्रम शुरू किया।

## 23 दिसंबर को हेसाबेडा में लगेगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी पंचायत के हेसाबेडा स्थित दुर्गा मंडप स्थान पर 23 दिसंबर शनिवार को झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर पंचायत की मुखिया कमला देवी ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं गुरुवार को हेसाबेडा स्थित झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना हेसाबेडा के ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

## अरगड्डा मैंगजीन के पास अवैध कोयला मुहान मिट्टी डालकर हुआ बंद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल प्रबंधन के द्वारा गुरुवार को अरगड्डा मैंगजीन आंफिसर कांलोनी के सामने चल रहा अवैध कोयला खनन एक मुहान को पेलोडर द्वारा मिट्टी डालकर बंद करवाया गया। मौके पर सुरक्षा इचार्ज सिरका राजू राम, जीएम आंफिस के एसआई संजय प्रसाद, ओवरमैन संतोष सिंह, हललदार गंगा राम, भैयालाल, प्रहरी शंकर, आंपरेटर कंचन, जगनारायण बेदिया आदि उपस्थित थे।

## आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को हर साल की तरह इस साल भी आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन हेरिटेज बैंक्वेट में किया गया. आप सभी को बताते चले की आईआईसीसी इंस्टिट्यूट आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के फैशन और इंटीरियर डिपार्टमेंट का स्टडी सेंटर भी है इसी वजह से वहा के विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, कार्यक्रम में रैंप वॉक, नृत्य, संगीत इत्यादि के आयोजन किये गए । इस अवसर पर आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. शुचितांगशू चटर्जी और आईआईसीसी इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर श्री महबूब आलम ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने का मन्त्र दिया और प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर अन्य शिक्षकगण में आमिर आरफीन, हरेंद्र कुमार, शिखा सराओगी, आफरीन इरशाद उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं ग्रामीण : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकरण समिति के सदस्य संजीव बेदिया, विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल, मुखिया मालती देवी, झामुमो नेत्री रेशमी टुडू, विधायक प्रतिनिधि नरेश बेदिया उपस्थित थे। शिविर का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।वहीं इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड परिवहन प्राधिकरण समिति के सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि ग्रामीण ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजनाओं का लाभ लें और अगर कहीं कोई समस्या आती है तो वह मुझे भी संपर्क कर सकते हैं। मैं आपके घर का बेटा हूं और एक बेटा होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि मैं अपने गांव के लोगों के लिए हर संभव मदद करूं। वहीं इस शिविर के दौरान सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, लुंगी, धोती का वितरण किया गया। वहीं कुछ बुजुर्गो को ठंड से बचाव के लिए कंबल सहित कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर देखा गया। वहीं अन्य स्टॉल पर भी ग्रामीण अपने आवेदन को जमा करने के लिए लगे दिखे। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के मुख्य संयोजक कटकमसांडी राजा मोहम्मद, झामुमो जिला सचिव हजारीबाग नीलकंठ महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रिया कुमारी, उप मुखिया नंद किशोर बेदिया, पुर्व मुखिया छक्कन बेदिया, वार्ड सदस्य राजेश्वर महतो, कमलेश महतो, कैलाश महतो, वार्ड सदस्य जगमनी देवी, रितु सिंह, बिनोद कुमार, दिलेश्वर महतो, डीएन महतो, आशालता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एजेकेएसएस अरगड्डा क्षेत्र की अहम बैठक 23 को होगी आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ(एजेकेएसएस) अरगड्डा क्षेत्र की अहम बैठक आगामी 23 दिसंबर को क्षेत्रीय कार्यालय में रखी गई हैं। जिसमें नेतृत्वकर्ता आजसू के केन्द्रीय महासचिव तिवारी महतो उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी गुरुवार को एजेकेएसएस के अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सतेन्द्र महतो उपस्थित थे।

## गुरुनानक पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीर बाल दिवस अंतिम सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों, ÷साहिबज़ादों÷ के सम्मान में मनाया जाता है। यह तारीख सबसे छोटे साहिबजादे के बलिदान को चिह्नित करने के लिए चुनी गई थी। जनता, विशेषकर छोटे बच्चों को साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह, व फतेह सिंह की वीरता की कहानी के बारे में सूचित और शिक्षित करने के लिए, सरकार पूरे देश में इंटरैक्टिव और भागीदारी कार्यक्रम चला रही है। सीबीएसई परिपत्र ने भी वीर बाल दिवस मनाने का आदेश दिया है। 26 तारीख को सीबीएसई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम कक्षा 6 से 12 आयोजित किया जायेगा।इस अवसर के आरंभ में विद्यालय में कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों ने रंग बिरंगी कार्ड को बनाया और ऊपर बहुत कोटेशन भी लिखें।विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के इस कार्य की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के लिए दस सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान की याद दिलाता है। कार्यक्रम मे विद्यालय के सभी शिक्षक गन और कर्मचारी मौजूद थे।

## रिक्शा चालकों के बीच गरम कपड़ा का वितरण किया गया




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ सुभाष चौक आसपास समीप रिक्शा चालकों के बीच गरम कपड़ा का वितरण किया गया। जिसमें कंबल जैकेट स्वेटर टोपी मौजा का वितरण किया गया। जिन रिक्शा चालकको के बीच गरम कपड़ा नहीं था उनको सह सम्मान वितरण किया गया। वितरण का सौजन्य समाजसेवी उमेश कुमार ने किया।इस वितरण कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर उपस्थित है ठाकुर के द्वारा रिक्शा चालकों को सम्मान पूर्वक गरम कपड़ा पहनाया गया ठाकुर ने बताया कि कड़ाके की ठंड में दैनिक मजदूर रिक्शा चालक ठंड में अपनी सेवा दे रहे हैं उनको देखते हुए कुछ गरीब रिक्शा चालकों को यह सम्मान दिया गया है यह सम्मान देकर हम लोग को बहुत अच्छा लग रहा है गरीब मजदूरों का सेवा करना कि हम लोग का लक्ष्य आने वाला समय में और भी गरम कपड़ा का वितरण किया जाएगा। समाज सेवा ही एक लक्ष्य है इसका अंदाजा लगा विक्रम में उमेश कुमार अमित कुमार बंटी कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

### बिरसा परियोजना में 66 वा खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

# सभी परियोजनाओं में अव्वल है उरीमारी का बिरसा परियोजना : बिनोद कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना में गुरुवार को 66वा वार्षिक खान? सुरक्षा सप्ताह व निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निरीक्षण दल मे डीएमएस , विकास मिशनराव, सीसीएल आइएसओ सीबी प्रसाद, बरकासयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास, पीओ ओसीएम कुमार राकेश सातयर्थी, मैनेजर ओसीएम उमेश कुमार,ईएंडएम ओसीएम बिट्टू कुमार,एक्सावेसन ओसीएम सुभाष चन्द्र सिन्हा, सर्वेयर ओसीएम अरुम कुमार सिन्हा,वीआइ माइनिंग अमरेन्द्र कुमार, वीआइ मेकेनिकल ओसीएम प्रमोद कुमार, सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार,शशी भूषण प्रसाद, बरकासयाल एसो इएंडएम अमरेन्द्र कुमार एवं डोरी से आए निरीक्षण दल के अधिकारी मौजूद थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मुख्य द्वार का फिता ?काट कर उद्घाटन किया गया। वहीं खान सुरक्षा के प्रतिक ध्वजारोहण किया गया।वहीं अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों का परियोजना पदाधिकारी डी शिव दास, परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया वहीं इस दौरान डीएवी उरीमारी व शांति निकेतन स्कूल के बच्चो के द्वारा पारंपरिक स्वागत गीत व नृत्य एवं खान सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का बच्चों ने मन मोहा।।वहीं अतिथियों ने अपने भाषण में संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए कोयला बहुत जरूरी है लेकिन सुरक्षा को देखते हुए कोयले का उत्पादन करना है इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करें। वहीं बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास ने कहा कि सुरक्षा को ताक में रखकर काम ना करें। उन्होंने कहा कि हमारे परियोजना में काम करने वाले सीसीएल मजदूर एवं प्राइवेट कर्मचारी कोई भी सुरक्षा के साथ काम करें। जिन कर्मचारियों के सर पर टोपी व पैर में जुता ना हो उन्हें खादान में जाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बिरसा परियोजना का भविष्य बहुत ही बेहतरीन है और जल्द ही बिरसा परियोजना का विस्तारीकरण किया जाएगा।

## आरा सारूबेडा सीसीएल कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कुज्जू ओ पी क्षेत्र अंतर्गत आरा सारूबेड़ा के सीसीएल कॉलोनी में गुरुवार की सुबह मासूम अंसारी उम्र लगभग 21 वर्ष पिता अशनूर अंसारी का शव फंदे से लगा देखा गया।मासूम अंसारी अपने नाना के घर पर बचपन से रहा करता था मालूम हो कि डीएवी आरा के लोकप्रिय छात्रों में से रहा है दसवीं में डीएवी आरा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला विद्यार्थी था। जानकारी के अनुसार लोगों का कहना है मृतक मासूम अंसारी को सुबह से मामा और घर के अन्य कई सदस्यों के द्वारा आवाज़ लगाई जा रही थी किंतु अंदर से कोई आवाज नहीं मिला। वहीं आसपास के लोगों की मदद से दरवाजे को तोड़कर कमरे में घुस गया ।

## पतरातू में खोला जाए सरकारी डिग्री कॉलेज : अंबा प्रसाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के माध्यम पतरातू में सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की।विधायक ने कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड क्षेत्र के कुल 46 पंचायतों में एक घनी आबादी निवास करती है परंतु पतरातू प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रखंड में ही सरकारी डिग्री महाविद्यालय नहीं होने के कारण शिक्षा ग्रहण करने हेतु दूर दराज इलाकों में जाना पड़ता है जिसके कारण उनको काफी कठिनाई होती है व कई लोग बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं इसलिए पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सरकारी डिग्री महाविद्यालय खोला जाए।इस संदर्भ में मंत्री द्वारा बताया गया कि रामगढ़ में डिग्री महाविद्यालय है एवं भुरकुंडा में जेएम महाविद्यालय, जुबली कॉलेज तथा पीटीपीएस कॉलेज स्थाई संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय है। जिस पर विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र काफी लंबे क्षेत्र में फैला हुआ है कई इलाकों में दुर्गम गांव स्थित है इसीलिए पतरातू प्रखंड में ही सरकारी डिग्री महाविद्यालय खोला जाए। अंबा प्रसाद ने कहा कि पतरातू मुख्यालय से रामगढ़ की दूरी लगभग 35 से 40 किलोमीटर है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी दिक्कत है औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण एवं एक बड़ी घनी आबादी पतरातू प्रखंड क्षेत्र में निवास करती है ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित बैठक आयोजित हुई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंचल के अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कैंप का आयोजन कर जमीन संबंधित मुआवजा का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने हटिया बंडामुंडा रेलवे लाइन दोहरीकरण एवं लोधमा-न्यू पिस्का रेलवे लाइन हेतु संबंधित ग्रामों से भू-अर्जन के संदर्भ प्राप्त अधियाचना की जानकारी ली। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन कार्यालय अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त के द्वारा जिला भू-अर्जन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा किया गया। उपायुक्त के द्वारा निदेश दिया गया है कि रैयतों को भुगतान में तेजी लायें। मुरहू तोरपा अड़की क्षेत्र के परियोजना अन्तर्गत रैयतों को मुआवजा भुगतान से संबंधित कैम्प का आयोजन कर आवेदन प्राप्त करें। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लोधमा पिस्का रेलवे लाईन का भुगतान प्रारंभ हो चुका है और जो आवेदन भुगतान से संबंधित है उसे जाँच कर भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। पथ निर्माण की परियोजनाओ को लेकर ग्राम सभा कराकर भू-अर्जन की कार्रवाई करने का निदेश उपायुक्त के द्वारा दिया गया है। उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता, खूँटी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यलापक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, खूँटी, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, राँची एवं चाईबासा, रेलवे के अधिकारीगण, अंचल अधिकारी, खूँटी जिला आदि उपस्थित थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–निशु कुमारी, उम्र–23 वर्ष रंग–गोरी, उँचाई–5 फिट ,**

उपरोक्त लापता महिला निशु कुमारी, पति–नितेश कुमार, सा0–बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, थाना–बरियातु, जिला–राँची जो दिनांक–04.11.2023 को घर से मायके जाने को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बरियातु थाना काण्ड संख्या–352/23 दिनांक–06.11.2023, धारा– 498(A)/34/120(B) दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी बरियातु, राँची। – 9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 313975 Police(23-24).D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–सविता मिश्रा, उम्र–56 वर्ष रंग–सॉवला, उँचाई–5 फिट 1 ईंच पहनावा–नीला रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला सविता मिश्रा, पे0–राजेन्द्र कुमार मिश्रा हैदर अली रोड़ कोकर थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–04.12.2023 को घर से मंदिर जोने को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना संख्या–18/23 दिनांक–05.12.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। –9431102090
थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR314010 (Police)23-24*D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–पल्लवी कुमारी, उम्र–20 वर्ष रंग–सॉवला, उँचाई–4 फिट, 6 ईंच पहनावा–गुलाबी रंग का सलवार सॅट पहनी हुई है

उपरोक्त लापता महिला पल्लवी कुमारी, पति–अजय कुमार विश्वकर्मा, सा0–केशवाली टोली, बरियातु, थाना–बरियातु जिला–राँची जो दिनांक–09.11.2023 को घर से बगैर बताए निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बरियातु थाना सनहा संख्या–14/23 दिनांक–10.11.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी बरियातु, राँची। – 9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक राँची

PR 313980 Police (23-24)_D

## कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

**-: PC&PNDT रामगढ़ के लिये आमंत्रण हेतु सूचना :-**

उपायुक्त–सह–जिला समुचित प्राधिकारी, PCPNDT रामगढ़ द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में PCPNDT Act के तहत जिला सलाहकार समिति एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण समिति का पुर्नगठन किया जाना है, जिसमें सदस्य के पद पर कार्य करने हेतु 04 (चार) पंजीकृत सामाजिक कार्यकर्त्ता (जिसमें एक महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता का होना अनिवार्य है) की आवश्यकता है।

अतएव PCPNDT Act के तहत रामगढ़ जिलांतर्गत वैसे पंजीकृत सामाजिक कार्यकर्त्ता जो जिला सलाहकार समिति एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण समिति में सदस्य के पद पर निःशुल्क सेवा देने हेतु इच्छा रखते हैं, उनसे निम्नांकित विवरणानुसार दिनांक 31.12.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

01. सामाजिक कार्यकर्त्ता को झारखंड राज्य से पंजीकृत होना आवश्यक है।
02. सामाजिक कार्यकर्त्ता अपना पूर्ण रूप से विवरणी (बायोडाटा) अपने निर्धारित पैड पर प्रस्तुत करना होगा।
03. आवेदन सिविल सर्जन–सह–नोडल पदाधिकारी, PCPNDT रामगढ़ के पदनाम से दिनांक 31.12.2023 तक प्रस्तुत करना होगा, इसके बाद का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

PR 313984 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-30, दिनांक: 20.12.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्यों के लिए **निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-30, दिनांक: 20.12.2023** के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (i) जेएचएमआर रेलवे स्टेशन पर वर्तमान आरओबी संख्या 18ए के स्थान पर आरओबी के प्रावधान के चलते ओएचई का रूपांतरण। (ii) मूरी-सीएनआई खंड में जीडीबीआर-जेएचएमआर के बीच किमी. 296/3-4 पर वर्तमान आरओबी संख्या 6ए तथा जेएचएमआर-एलटीएमडी के बीच किमी. 311/3-4 पर 26ए के स्थान पर 2 आरओबी के प्रावधान के चलते ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 18,34,491.07। **जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 36,700। **बंद होने की तारीख और समय:** 12.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **(PR-948)**

## झारखण्ड सरकार
## आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड राँची

**सूचना**

**PR No.- 313372**

इस कार्यालय के द्वारा पूर्व में प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति के द्वारा झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति के चिन्हित् गांवों में चरणबद्ध सामुदायिक/समूहगत आधारित आयवृद्धि योजना के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं/ट्रस्ट/फाउण्डेशन आदि सदृश संस्थाओं के सूचीबद्धकरण हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण हेतु अपना प्रस्ताव दिनांक–22.12.202 तक समर्पित करने की सूचना प्रकशित की गयी थी। जिसे दिनांक–06.01.2024 तक विस्तारित किया जाता है।

2. इच्छा की अभिव्यक्ति के निहत शर्तें यथावत रहेंगी।

आदिवासी कल्याण आयुक्त।

PR 314012 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(23-24)D

## न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई **दिनांक 28.12.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न** में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | वनवाद संख्या/थाना कांड संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चिनियाँ थाना कांड संख्या 70/2022 | 25/2023 | (1) ट्रैक्टर इंजन नं0– PY3029D261074, चेचिस नं0– PY5036C001698, पंजीयन संख्या– JH14C – 1553, तथा उस पर लदा कच्चा सखुआ लकड़ी का बोटा – 20 पीस एवं कच्चा सलई लकड़ी– 8 पीस (2) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर चेचिस नं0– RAE00771698, पंजीयन संख्या– BR44G - 0846 तथा उस पर लदा सखुआ लकड़ी का बोटा– 15 पीस एवं पतला–पतला सखुआ का सुखा लकड़ी– 30 पीस | ग्राम चपकली के भट्ठादामर टोला, थाना – चिनियाँ, जिला– गढ़वा |
| 02 | चिनियाँ थाना कांड संख्या 12/2023 | 28/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर मॉडल नं0– 415 DI DLX, चेचिस नं0– MBNABAVGAMJGO4009, इंजन नं0– NMF4YPJ0052, तथा उस पर लदा लकड़ी | डोल से गुरूसिंधु जाने वाला रास्ता में डोल जंगली क्षेत्र के पास |
| 03 | रंका थाना कांड संख्या 130/2023 | 29/2023 | पिकअप JH03AB - 1830 एवं 33 बोटा मोटा चौपहल | बान्दु सुरक्षित वन |
| 04 | रंका थाना कांड संख्या 123/2023 | 30/2023 | पिकअप JH03AC - 2031 एवं 3 पीस चौपहल एवं 16 पीस चौखट लकड़ी | कटरा सुरक्षित वन |
| 05 | C 2469/2019 एवं रंका थाना कांड संख्या 235/2019 | 31/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर संख्या– CG15A-1076 | अनहर सुरक्षित वन |
| 06 | C 676/2023 | 32/2023 | साल वृक्ष (बोटा)– 05 पीस | लिदकी सुरक्षित वन |
| 07 | C 802/2023 | 33/2023 | साल सूट– 30 पीस | जमौती सुरक्षित वन |
| 08 | C 796/2023 | 34/2023 | जलावन– 02 टन (लगभग) | चुतरू सुरक्षित वन |
| 09 | C923/2023 | 35/2023 | साल सूट का जलावन– 03 क्विंटल लगभग | करचाली सुरक्षित वन |
| 10 | C 750/2023 | 36/2023 | शीशम बोटा– 02 पीस | होन्हेकला सुरक्षित वन |
| 11 | C 1061/2023 | 37/2023 | जलावन – 02 टन लगभग | जोलंगा सुरक्षित वन |
| 12 | C 1198/2023 | 38/2023 | साल चौपहल – 06 पीस एवं साईकल– 04 पीस | पाल्हे सुरक्षित वन |
| 13 | C 1365/2023 | 39/2023 | साल बोटा– 09 पीस | बिन्दा आरक्षित वन |
| 14 | C 1535/2023 | 40/2023 | यूकेलिप्टस वृक्ष का बोटा– 05 पीस | बैरिया सुरक्षित वन |
| 15 | C 1497/2023 | 41/2023 | साल बल्ली– 05 पीस | रोदो सुरक्षित वन |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 314034 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन

# कहा, झारखंड में संवैधानिक संकट, व्याप्त भय, तुष्टिकरण की राजनीति ध्वस्त विधि व्यवस्था, झूठ और लूट चरम पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन नेताओं और राहुल गांधी के द्वारा देश के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के खिलाफ और हेमंत सोरेन सरकार जन विरोधी नीतियों, राज्य उत्पन्न संवैधानिक संकट, व्याप्त भय, तुष्टिकरण की राजनीति, आकंठ भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था,झूठ और लूट को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला समाहरणालय के समीप किया गया। जिसमें भाजपा के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं मोर्चो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। उपायुक्त के द्वारा महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापान के माध्यम से कहा कि हेमंत सोरेन की 4 वर्ष की नाकामी और वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज की जनता ने सिर्फ सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही है बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। आए दिन हत्या, लूट, अपहरण बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुरक्षा बनी हुई है अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वह जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं। सरकार व्यापारियों को भी सुरक्षा उपलब्ध नहीं कर रही है उनकी हत्या हो जा रही है पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं है। सत्ता सब पोषित भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाया है खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया है। सत्ताधारी गठबंधन के कारनामों ने राज्य को कलंकित और शर्मसार किया है। वही ध्वस्त विधि व्यवस्था, अखंड भ्रष्टाचार के कारनामों के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और संवर्धन के गंभीर आरोप लग रहे हैं राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई में स्वयं मुख्यमंत्री घिरे हैं राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेल में बंद है। ईडी ने पुख्ता सबूत के साथ भ्रष्टाचार में संयुक्त पदाधिकारी और विचारों दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है लेकिन मुख्यमंत्री इस पर कार्रवाई करने की जगह उस पर कुंडली मारकर बैठे हैं। इतना ही नहीं अब तो मुख्यमंत्री ने भी संवैधानिक मतदाताओं को ठेंगा दिखा दिया है ईडी द्वारा उनसे पूछताछ के लिए सम्मन भेजे जा चुके हैं लेकिन वापस आप लगातार भाग रहे हैं जांच एजेंसी के खिलाफ रोज-रोज दिए जा रहे बयानों ने संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया हैं। यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन करने लगे फिर आम जनता में कानून पालन करने की बात यह सरकार कैसे कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी राज्य में इन हालातो पर लगातार सजग प्रहरी की भांति अपनी भूमिका निर्वहन कर रही है ।जनता की भावनाओं को पार्टी सड़क से सदन तक उजागर कर रही है जन समर्थन से हम सब लगातार व्यापक संघर्ष आंदोलन कर रहे हैं। राज्य की परिस्थितियों इसका संवैधानिक समाधान चाह रही है। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि यह कांग्रेस और जेएमएम सभी मार्यादाओं को भूल गए हैं।इनके राज में किसी भी दफ्तर में जाओ पहले टोलटैक्स देना पड़ रहा है। तब कार्य शुभारंभ हो रहा निष्पादन की गारंटी नहीं है। साथ ही आंदोलनकारी चिन्हित करना आयोग के नाम से वनांचल शब्द सरकार के द्वारा हटाए जाने पर श्री रमेश उराँव ने कहा कि हेमंत सोरेन को अपने पिता शिबू सोरेन से वनांचल संघर्ष को पूछना चाहिए। यह भी कांग्रेस की नक्शे कदम पर चल पढ़े है यह झारखंड के आंदोलनकारीयों को बेइज्जत करने का कार्य किया है। धरना कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बालकृष्णा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने की। धरने को संबोधन पूर्व मंत्री सधनू भगत,पूर्व विधायक रमेश उराँव, पूर्व अध्यक्ष, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सूरजमोहन साहू,नवीन कुमार टींकू, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, हरशनाथ महतो, नज़ीर आलम खान, संजय महतो, विवेक चौहान, कुलदीप सिंह, बेंजामिन लकड़ा, मंगरा उरांव, बुधवा उरांव, सुरेन्द्र उरांव, गोवर्धन महतो, दिलीप कुमार साहू, रामचंद्र साहू, मौका उरांव, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, मुन्नी देवी, बेबी देवी, शोभा देवी, मनिषा देवी, कंचन देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य उद्घाटन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में सत्र 2023-24 का वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के बच्चों के द्वारा आकर्षक मार्च फास्ट एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व बिहार विधानसभा सदस्य और विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके यही हमारा मूल उद्देश्य है और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष सत्र के अंत में त्रिदिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता कराया जाता है। इस आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र किसी न किसी इवेंट्स में अवश्य भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ खेलकूद का भी काफी महत्व बढ़ गया है और इसके माध्यम से भी विद्यार्थी खुद को अच्छी जगह में स्थापित कर ऊंचे मुकाम को हासिल कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि त्रिदिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन विद्यालय के इवेंट्स कोच एस सुजाउद्दीन राजा, शारीरिक शिक्षक अरुण कुमार बड़ाईक एवं आर्चरी कोच नरेश लागुरी के निर्देशन में बालक एवं बालिका वर्ग का खो-खो, कबड्डी, दौड़, गोला फेंक, लंबीकूद, लंगड़ी दौड़, मेंढक दौड़, रिले रेस आदि इवेंट्स कराए गए। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि विद्यालय को एकता हाउस, विवेक हाउस,संस्कार हाउस और प्रगति हाउस इन चार हाउसों में बांटा गया है और हाउस वाइज प्रतिभागी, प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने-अपने हाउस को विजयी बनाने के लिए पूरी दमखम के साथ भिड़े हुए हैं। आज की संपूर्ण इवेंट्स में सभी हाउस के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई।

## मुर्की तोड़ार पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुर्की के मैदान में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, बिस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित सभी जन कल्याणककरी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण जनता योजनाओं का लाभ लें सरकार द्वारा संचालित योजना ग्रामीण जनता का विकास के लिये कई तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिसमें विधवा, वृद्धा, सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, पशुधन योजना, छात्र छात्राएँ के लिये छात्रवृत्ति का और सावित्री बाई फुले योजना, महिलाएँ फूलों झानो योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद व्यक्ति लें और आत्मनिर्भर बने। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं का विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी जनता को जिस भी चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें। जिस पर त्वरित करवाई करते हुए योग्य लाभुकों को लाभ दिलाया जायेगा। वही कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना,मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच लगभग 35 लाख रुपये तक का परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। तथा 20 छात्र छात्राओं को साइकिल लेने के लिये और 10 छात्रओं को सावित्री बाई फुले योजना का राशी के लिये चेक प्रदान किया गया। मौके पर बिस सूत्री सदस्य जमिल अन्सारी, पंचायत सचिव मदुसुदन भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पीएम ने विश्वकर्मा योजना में 13 हजार करोड़ बजट का रखा प्रावधान : सुरज मोहन साहू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी पर मिलेगा 03 लाख रूपये तक का ऋण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा भारतीय जनता पार्टी की सदर मंडल की मासिक कार्यसमिति समीक्षा बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुरज दशौंधी की अध्यक्षता मे 21 दिसंबर गुरुवार को शांति आश्रम मे बैठक आहुत की गई। बैठक मे सर्वप्रथम महापुरुषो के चित्र मे पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक मे मंडल अध्यक्ष सुरज दशौंधी के द्वारा संगठन के द्वारा पुर्व मे किये गये कार्यो की समीक्षा की गई वही भावी कार्यक्रमो की रुपरेखा तय की गई। बैठक मे मुख्य रुप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी सुरज मोहन साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक लोककल्याणकारी योजनाएँ मोदी सरकार के द्वारा लागू की गई है। साहू ने कहा 17 सितंबर को पीएम ने विश्वकर्मा योजना लाँच कर योजना मे 13000 तेरह हजार करोड़ बजट का प्रावधान रखा। इस योजना के अंतर्गत 18 पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगो के लिये पहले चरण मे 01 लाख रुपये और दुसरे चरण मे 02 लाख रुपये की ऋण का प्रावधान बगैर गारंटी सिर्फ मोदी जी के गारंटी पर मात्र 05 प्रतिशत ब्याज मे ऋण देने का योजना मे मोदी सरकार ने प्रावधान रखा है। उक्त योजना मे अधिक-से-अधिक लोगों को लाभ लेने एवं आम लोगो को अधिक से अधिक लाभ दिलाने की बात बैठक मे साहू ने कही। साहू ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार के द्वारा अनेको लोककल्याणकारी योजनाये देश के लोगो को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की उद्देश्य से संचालित की जा रही है 2047 तक सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु पिछ्ले15 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है। वही साहू ने संगठन से जुड़े अनेक विन्दुओं पर चर्चा की। आज के उक्त बैठक मे दूर दराज से आये अनेको कार्यकर्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी। उक्त बैठक मे पुर्व मंडल अध्यक्ष शम्भु सिंह, महामंत्री विवेक चौहान, गोसाई भगत, गजाधर यादव, आदर्श चौहान, सुनील महली, संजय भगत, दिनेश साहू, बिगण महली, शंकर उराँव, मिथिलेश राम, बलराम ओझा, रोहित राम इत्यादि कार्यकर्ता प्रखंड कार्यसमिति बैठक मे उपस्थित थे।

# अविराम कॉलेज में सात दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में कुरू के पंडरा ग्राम जिसे महाविद्यालय द्वारा गोद भी लिया गया है सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसके छठे दिन रांची यूनिवर्सिटी के समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में वॉलेंटियर्स दिबाकर, पुरुषोत्तम, नवीन, के साथ उपस्थित हुए जिनका स्वागत पुष्प गुच्छ,स्मृति चिह्न, शॉल प्रदान कर प्राचार्य डॉक्टर प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा किया गया। दीपप्रज्ज्वल लाल राधे नाथ सहदेव, गंगोत्री देवी, पालगुड्डु नाथ सहदेव, मुमताज पवरिया, देवनाथ मुंडा, देवानंद, रामानंद महली, शशिभूषण कुमार आदि गणमान्य के द्वारा मुख्य अतिथि बृजेश कुमार के साथ किया गया। डॉ बृजेश में कहा की अविराम निरंतर अच्छा कार्य कर रहा है जिसमे बालिका शिक्षा, नशा उन्मूलन, प्रौढ़ शिक्षा, स्वच्छता, मतदान आदि पर कार्य हो रहा है और दीवाला लेखन द्वारा प्रशिक्षुओं द्वारा अच्छे अच्छे जागरूकता संदेश लिखे गए है, राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा समाज की सेवा और छात्र जीवन से ही समाज के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाता है।

# भाजपा सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ इंडिया गठबंधन का धरना प्रदर्शन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** होटल केतकी में इंडिया गठबंधन दलों के जिला अध्यक्षों की हुई बैठक। जिसमें आज दिनाक 22/12/203 को समाहरणालय के समक्ष इंडिया गठबंधन के द्वारा सामूहिक रूप से केंद्र की भाजपा सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जोरदार तरीके से करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी पार्टी के पदाधिकारीयो की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होगी। सभी जिला अध्यक्ष ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए विपक्षी दलों के 142 सांसदों का निलंबन विपक्ष गठबंधन दल के लोगों का आवाज दबाना चाहता है जो तानाशाही का परिचायक है। आने वाला कल इस देश का प्रधान मंत्री मोदी के द्वारा देश की असमिता पर खतरा है। तमाम दलों के साथियों से अपील है कि कल होने वाली कार्यक्रम में सामिल होकर सफल बनाए। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, जेएमएम जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, भाकपा माले के प्रभारी सचिव महेश सिंह, आरजेडी जिला अध्यक्ष सुनील मेहता, सीपीआईएम पूर्व जिला सचिव दिलीप वर्मा, बिहारी सीपीआई के जिला सचिव अन्नत कुमार दास, कूडू तनवीर गौहर देव, परताप यादव सामिल थे।

# जरूरतमंदों के बीच डालसा ने किया कंबल वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन लोहरदगा के समन्वय से आज करचा टोली एवं सदर अस्पताल लोहारदगा में जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, पूनम कुमारी, पीएलवी अफान खान,अजहर अंसारी एवं रोहित तमेरा उपस्थित रहे। कर्चा टोली स्थित आदिवासी जनजातीय वृद्ध,दिव्यांग जनों एवं महिलाओं के बीच कंबल वितरण के पश्चात आउटरीच कार्यक्रम के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोटर सड़क दुर्घटना के पश्चात क्या करना चाहिए सम्बंधी कानून की जानकारी वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने दिया। एवं अन्य अधिकारों के बारे में डालसा सचिव ने बताया। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। आज मदीना खातून, सैरून निशा, पुनू देवी, तितवा खातून, सराजनवा खातून, बेदो उरांव, मरियम देवी, बुधनी उरांव, सुकरो उरांव, फुलवा उरांव,मन्ही उरांव, मानक महतो, सुकरा उरांव, रोपनी उरांव, फागुवा उरांव, लसई उरांव, सरहुलिया उरांव, मदीना बीबी, सीठिया खातून, बिमली उरांव, इसहाक अंसारी, द्रोपदी उरांव, मनु साही,बंदे उरांव, प्रभा देवी, ललिता उरांव, सरोज उरांव, बिगन उरांव, रीना देवी सहित अन्य लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया और लोगों को जागरूक किया गया।

## आपसी भाईचारा और शांति का संदेश देता है क्रिसमस का पर्व : पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के आरसी बालिका मध्य विद्यालय कुटुंगिया में गुरुवार को धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे, सर्वप्रथम स्कूली छात्राओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया ।जिसके बाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर आकर्षक तरीके से चरणी सजावट की गई ,जहां पर बालक यीशु की जन्म के समय का नजारा प्रस्तुत की गई थी। इस मौके पर बच्चों ने गीत संगीत के साथ उपस्थित लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया ,अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, और बच्चों पर हमेशा परमपिता परमेश्वर की कृपा रहती है। आज सभी मिलजुल कर हम लोग क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन कर रहे हैं, क्योंकि दिसंबर का महीना प्रभु ईसा मसीह को याद करने का दिन है । क्रिसमस का पर्व हमे आपसी भाईचारा और शांति का संदेश देता है, हमें यह पर्व सभी लोगों को मिलजुल कर संगठित रहकर मनाने की संदेश देता है। इसी प्रकार हम संगठित रहकर अपने हक अधिकार के लिए भी लड़े उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों को क्रिसमस पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका सिस्टर निर्मला एक्का, सहायक शिक्षिका सूसना जोजो अंजलिया कंडुलना, ललिता हेंब्रम,एरेनियस खेस, दिनेश मांझी, रामकृष्ण साहू, निरल जोजो एवं बच्चियां मौजूद रही।

# उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज किस्को और कुडू प्रखण्ड में संचालित मनरेगा योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम किस्को प्रखण्ड की समीक्षा की गई जिसमें मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, योजनाओं की पूर्णता, दीदी बाड़ी योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आधार आधारित भुगतान, सोलिड वेस्ट व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट आदि योजनाओं की समीक्षा की गई और सबसे खराब प्रदर्शन करनेवाले पंचायत को सुधार करने का निदेश दिया दिया गया।

# राज्य में संवैधानिक संकट, मुख्यमंत्री को अविलंब बर्खास्त करें राज्यपाल : जिलाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हेमंत सरकार की 4 वर्षो की नाकामियों वादा खिलाफी एव राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट ध्वस्त विधि व्यवस्था के निमित्त भारतीय जनता पार्टी ने आक्रोश प्रदर्शन किया, आक्रोश प्रदर्शन नगर भवन से कचहरी होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप होते हुए पुनः नगर भवन पहुंची, आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता हेमंत सोरेन हाय हाय हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो गली गली में शोर है हेमंत सोरेन चोर है आदिवासियों को ठगना बंद करो युवाओं को रोजगार देना होगा श्वेत्र को जवाब देना होगा जैसे नारे लगा रहे थे, आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा हेमंत सरकार के 4 वर्षो की नाकामियों वादा खिलाफी ने आम जनता युवा महिला किसान दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है आए दिन हत्या लूट अपहरण बलात्कार चोरी डकैती की घटनाएं अखबारों की सुरक्षा बनी हुई है अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वह जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं राज्य अखंड भ्रष्टाचार में डूबी हुई है विधि व्यवस्था ध्वस्त है खुद मुख्यमंत्री श्वेत्र के सामने पेश नहीं हो रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि श्वेत्र के सवालों का सामना वह नहीं कर सकते हैं।

# सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया अभियान। बिना हेलमेट पहने, सीट बेल्ट, ड्रंक एंड ड्राइव, रफ ड्राइविंग, ट्रिपल राइड, नाबालिक, वाहनों के बीच कम दूरी रखना, स्पीड ड्राइविंग आदि कारणों से लोहरदगा के सड़कों में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से हो रहे मौत/ घायलों पर शहर के सामाजिक, राजनीतिक, अधिवक्ता व प्रबुद्ध लोगों ने सड़क में उतरकर वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, ड्रंक एंड रफ ड्राइविंग न करने आदि की नसीहत तथा ट्रैफिक रूल के पंपलेट देकर समझाने का प्रयास किया गया। बर्म्मन हाईवे, बीएस कॉलेज के निकट आहूत इस कार्यक्रम में जो वाहन चालक बगैर हेलमेट, बगैर सीट बेल्ट लगाए एवं तेज गति चालकों को गुलाब का फूल व माला पहना कर सड़क सुरक्षा के कायदे बताए गए, वही हेलमेट पहने व सीट बेल्ट लगाए लोगों को कैडब्रिज व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित भी किया गया। पंपलेट के स्लोगन मे कुछ छोटी सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है यातायात नियमों में बरते सखती तभी मिलेगी दुर्घटनाओं से मुक्ति वन मिस्टेक गेम ओवर स्पीड थ्रिल बट कील गाड़ी चलाएं शौक से शोक से नहीं आदि थे। मौके पर समाजसेवी सह भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि एक एक्सीडेंट से पूरा परिवार तबाह हो जाता है तथा हमें ट्रैफिक रूल को अपनाना चाहिए। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने कहा कि 78त्न मौत बगैर हेलमेट पहनने के कारण खासकर युवाओं की संख्या तथा शराब सेवन बड़ा कारण है।

# लिटिल एंजेल स्कूल में मनाया गया धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग, मौके पर सेंटा क्लॉज ने बांटीं टॉफियां

क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए देता है प्रेम का संदेश देता : संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** लिटल एंजल स्कूल कोलेबिरा में गुरुवार को क्रिसमस गैदरिंग और फन डे धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में मुख?य अतिथि के रुप में संदेश एक्का उपस्थित थे ।मौके पर फादर ब्रिसीयूस तिर्की के द्वारा मिस्सा पूजा व प्राथना कर छात्र-छात्राओं को प्रभु यीशु के वचनों से अवगत कराते हुए क्रिसमस का बधाई संदेश दिया । तत्पश्चात स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर क्रिसमस गैदरिंग की शुरूआत की। मौके पर संदेश एक्का ने क्रिसमस और आने वाले नववर्ष की बधाई देते हुए कहा क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन पर चलते हुए सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वहीं छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है जीवन में लक्ष्य लेकर चलिए तभी आप जीवन में कुछ कर पाएंगे वही विद्यालय के शिक्षकों से कहा यहां सप्ताह में कुछ एक क्लास जनजातीय भाषा का अवश्य करें ताकि हम आने वाले पीढ़ी में अपनी संस्कृति को जागृत रख सके। अवसर बच्चे रंग-बिरंगी परिधान और सांताक्लाज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए।

## पर्यावरण की सुरक्षा से ही मानव जीवन की सुरक्षा है : उत्तम मुखर्जी

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से एक संक्षिप्त उद्बोधन का आयोजन हुआ जिसमें उत्तर पूर्व क्षेत्र के पर्यावरण प्रमुख उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओम एवं भारत मां का पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्तम मुखर्जी के द्वारा भैया बहनों को छोटी-छोटी बातों जैसे कि अनावश्यक पानी को नहीं बहाये, बाहर निकलते वक्त कमरे की बिजली बंद कर देना,प्लास्टिक की थैली का इस्तेमाल बंद करना,बाजार जाते वक्त घर से थैला लेकर जाने को बताया। पानी में गंदी चीजे को फेंक कर पानी को दूषित न करने की सलाह दी तथा भैया बहनों को अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाने को कहा साथ ही साथ ईको ब्रिक्स निर्माण करने की विधि को बात कर भैया बहनों से बनाने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य जी ने कहा जल, वायु, आकाश, पृथ्वी, अग्नि इन पांच तत्वों के शुद्ध रहने से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा तथा अनेक प्रकार के रोगों से मुक्ति मिल सकेगी। पर्यावरण ही जीवन है यह संदेश दिया इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### हैदराबादी खाद्य महोत्सव चाणक्य बीएनआर में



**रांची (प्रभात तंत्र संवाददाता):** महानगर में बदलते मौसम के अनुरूप चाणक्य बी.एन.आर में 22 दिसम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 के मध्य अपने होटल प्रांगन में हैदराबादी खाद्य महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। इस सम्बंध में चाणक्य के खाद्य एंव मादक पदार्थ प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने बताया के हैदराबादी खाद्य पदार्थ का स्वंय में विशेष महत्तव है, जो हैदराबाद के परम्परागत नेजाम किंगडम में प्रचलित, कबाब, बिरयानी इत्यादि खाद्य पदार्थ जो विख्यात है, जैसे फुड का इस खाद्य महोत्सव में विशेष प्रबंध किया गया है। इस सम्बंध में मुख्य शेफ कौशर अली, जो हैदराबादी फूड के लिए विख्यात है,उन्होने बताया के इस वर्ष हैदराबादी खाद्य महोत्सव में हैदराबादी परम्परागत मसालों के मिश्रण से विशेष फूड को तैयार किया गया है जो हमारे ग्राहकों को हैदराबादी फूड का पूर्ण स्वाद देगा। कार्यक्रम के आयोजन में हमारे कार्यकारणी पिनाकी मिश्रा और धीरेन शेरपा का विशेष योगदान है। यदि आप भोजन के बाद वेटर से मीठापान लाने के लिए कहते हैं तो आप एक सच्चे हैदराबादी है।

### किसानों की समस्या होगी दूर, हर खेत को मिलेगा पानी : मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा (प्रभात तंत्र संवाददाता):** गढ़वा के किसानों के लिए नई खुशखबरी है। जिले में लगभग 5 करोड रुपए की लागत से सात नए चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। जिसने 290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लघु सिंचाई विभाग झारखंड सरकार ने इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सात चेक डैम के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के हरबरवा नाला पर 75 लाख 77 हजार 100 रुपए, बिरहा नाला पर 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड के मरघटवा नाला पर 63 लाख 45 हजार सात सौ रुपए, लुकफुचिया नाला पर 67 लाख 45 हजार तीन सौ रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण, धुरकी प्रखंड के यूरिया नदी पर 80 लाख 88 हजार 400 रुपए की लागत से, कुडेश नाला पर 60 लाख 86 हजार 100 रुपए की लागत से तथा भवनाथपुर प्रखंड में कहवा घाटी नाला पर 67 लाख 88 हजार 900 रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की हर समस्या दूर करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र के लोग कृषि के लिए पूरी तरह से वर्षा पर आश्रित है, परंतु यहां कम वर्षापात के कारण किसानों को कृषि कार्य में काफी समस्या होती है। मंत्री ने कहा कि किसानों की हर समस्या दूर होगी। हर खेत को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं । मंत्री ने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। झारखंड सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में अन्य नदी, नालों पर आवश्यकता के अनुसार चेक डैम का निर्माण कराया जाएगा।

### बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का पलामू में हनुमत कथा का मामला

# उच्च न्यायालय पर पूरा विश्वास : अरुणा शंकर

**5 जनवरी तक जवाब नहीं तो प्रशासन को देना पड़ेगा 25 हजार का जुर्माना**

*** हाई कोर्ट ने कहा : पूजा पाठ कथा करना नागरिकों का फंडामेंटल राइट**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर तथा हनुमंत कथा कार्यक्रम की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम के व्यवस्थापक नितेश सिंह ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय में हमारी समिति के सचिव दीनाराम द्वारा धीरेंद्र शास्त्री के पलामू कार्यक्रम हेतु अनुमति के लिए किए गए याचिका पर सुनवाई करते हुए।जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रशासन से 5 जनवरी तक जवाब मांगा है। हाई कोर्ट ने कहा कि पूजा-पाठ व कथा कराना यह नागरिकों का फंडामेंटल राइट है। फिर बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को अनुमति क्यों नहीं ? प्रशासन 5 जनवरी तक जवाब दाखिल करे। वरना प्रशासन को 25000 रुपया हनुमंत कथा समिति को जुर्माना के रूप में देना पड़ेगा। श्रीमती अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार जिद छोड़े। हम हिंदुओं की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लाखों लोगों के आस्था स्वामी श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को पलामू आने दे। हमारी समिति प्रशासन एवं सरकार का आभारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर रॉबिन मिंज को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में राज्य के उभरते हुए स्टार क्रिकेट खिलाड़ी रॉबिन मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने पर रॉबिन मिंज को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। रॉबिन मिंज आदिवासी समुदाय के उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ी हैं तथा गुमला जिला के रहने वाले हैं।

आईपीएल ऑक्शन 2024 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी ने रॉबिन मिंज को विकेट कीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल किया है।

### सांसद ने उठाया नई दिल्ली-राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव का मामला



प्रभात तंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मॉग काफी दिनों से वहां की जनता के द्वारा जा रही है। उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रॉची वाया चोपन-चुनार होते हुए नई दिल्ली तक जाती है। विदित है कि धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत गढ़वा रोड चोपन रेल खण्ड पर स्थित नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) झारखण्ड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहॉ श्री राधा-कृष्ण की 32 मन की अद्वितीय स्वर्ण प्रतिमा विराजमान है। ऐसी प्रतिमा पूरी दुनिया में कहीं नहीं है, लिहाजा यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुगण दर्शन करने आते हैं। यहॉ आने वाले श्रद्धालु श्री बंशीधर नगर को दूसरा मथुरा और वृंदावन मानते हैं।

ऐसे नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर उक्त ट्रेन की ठहराव की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से अनुरोध है कि रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की कृपा की जाय।

### भाजपा ने सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

*** डीसीएलआर प्यारे लाल को सौंपा मांग पत्र**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट व भ्रष्ट विधि व्यवस्था के विरोध में भारतीय जनता पार्टी पलामू के द्वारा गीता भवन से विरोध प्रदर्शन निकाला गया। हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, निकम्मी सरकार के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता छःमुहान चौक पहुंचे और विरोध प्रदर्शन नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि हेमंत सरकार की 4 वर्षो की नाकामियों ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित व आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है।राज्य की जनता न सिर्फ सड़क बिजली स्वास्थ्य शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रहे बल्कि भय और आतंक में जी रही है। चतरा जिला के संगठन प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि विधि व्यवस्था आकंठ भ्रष्टाचार के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और समर्थन के गंभीर आरोप लग रहा है। भाजपा नेताओं ने अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र डीसीएलआर प्यारे लाल को सौंपा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामनारायण दुबे, परशुराम ओझा, दुर्गा जौहरी,जिला उपाधयक्ष अरविंद गुप्ता,भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, जिला मंत्री मनोज दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भाजयुमो महामंत्री स्वेतांग गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# 11 एसडीओ का तबादला, रांची एसडीओ बने उत्कृष्ट कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** कार्मिक प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि अनुमण्डल पदाधिकारी, राँची सदर के पद पर पदस्थापित दीपक कुमार दूबे, भा.प्र.से. को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। वहीं पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत उत्कर्ष कुमार, भा.प्र.से. (झा॰2021) को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, रांची सदर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी, चास, बोकारो के पद पर पदस्थापित दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के पद पर पदस्थापित संदीप कुमार मीणा, भा.प्र.से. को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत शताब्दी मजूमदार, भा.प्र.से. (झाः 2020) को अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, जमशेदपुर के पद पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत आशीष गंगवार, भा.प्र.से. (झाः2021) को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, हुसैनाबाद (पलामू) के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है तथा उन्हें हुसैनाबाद अनुमण्डल के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (एक्ट-2, 1974) की धारा-20 के तहत कार्यपालक दण्डाधिकारी कीशक्तियाँ प्रदत्त की जाती है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत विस्युते श्रीकांत यशवंत, भा.प्र.से. को अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूंटी के पद पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत ओम प्रकाश गुप्ता को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, चास, बोकारो के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है तथा उन्हें चास अनुमण्डल के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (एक्ट-2, 1974) की धारा-20 के तहत कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्तियाँ प्रदत्त की जाती है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत सन्नी राज, मा.प्र.से. (झा॰2021) को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया (चतरा) के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है तथा उन्हें सिमरिया अनुमण्डल के लिए दंड प्रक्रिया सहिता 1973 (एक्ट-2, 1974) की धारा-20 के तहत कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्तियाँ प्रदत्त की जाती है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत अनिमेश रंजन, भा.प्र.से. (झा॰2021) को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है। पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत रिया सिंह. भा.प्र.से. को अगले आदेश तक अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया जाता है।


### सेवानिवृत बैंक अधिकारी को पत्नी शोक

**गढ़वा :** वनांचल ग्रमीण बैंक के सेवानिवृत्त मैनेजर अरुण सिन्हा की पत्नी अनुपमा सिन्हा, उम्र 63 वर्ष (शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त) का निधन अपने घर शिवपुरी कॉलोनी में आज हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थी। अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर शिवपुरी कॉलोनी स्थित उनके आवास पर रखा गया है। उनका आन्तिम संस्कार कल किया जायेगा। उनके निधन पर सेवानिवृत्त बैंक कर्मी संघ, चित्रांश परिवार के लोगों ने शोक प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में मनोज कुमार चौबे, धनंजय कुमार द्विवेदी, जयशंकर प्रसाद मेहता, रासबिहारी तिवारी, अवध नारायण चौबे, निरंजन तिवारी, एन बी शुक्ला, श्याम बिहारी मेहता, वीरेश्वर राय, शिवाजी श्रीवास्तव, आनंद सिन्हा, आलोक सिन्हा, नीरज सिन्हा, निखिल सिन्हा, सियाराम शरण वर्मा, पंकज कुमार वर्मा, कमलेश सिन्हा, केके यादव, मनोज, शंभु चंद्रवंशी, प्रदीप सिन्हा, डा. उदय नारायण, चंदन , मनीष कमलापुरी, आदि के नाम शामिल हैं।

# ताजमहल से भी खूबसूरत होगा अयोध्या का मस्जिद

*** मस्जिद में 500 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर अस्पताल भी होगा**

*** मस्जिद में सभी के लिए शाकाहारी लंगर की सुविधा होगी**



एजेंसी

**अयोध्या :** अयोध्या के धन्नीपुर में बन रही मस्जिद 'मोहम्मद बिन अब्दुल्ला' के चेयरमैन और बीजेपी नेता हाजी अरफात शेख ने बताया कि यह मस्जिद ताजमहल से भी खूबसूरत होगी. शेख ने कहा कि मस्जिद में न केवल दुआ होगी बल्कि दवा भी होगी, .यानि यहां दुआ और दवा का केंद्रबिंदु होगा.अयोध्या से 25 किलोमीटर दूर धन्नीपुर में बन रही इस मस्जिद में सभी के लिए शाकाहारी लंगर की सुविधा होगी.

यह पहली मस्जिद होगी जहां सभी समुदाय के लोग आएंगे और भोजन करेंगे. इस मस्जिद में एक समय में 5000 हजार लोग एक साथ खाना खा सकेंगे.

हाजी अरफात शेख ने बताया कि मस्जिद में 500 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर अस्पताल होगा और यूपी के किसी भी व्यक्ति को टाटा कैंसर हॉस्पिटल मुंबई या कहीं और नहीं जाना पड़ेगा.इतना ही नहीं इसमें डेंटल, मेडिकल और इंजीनियरिंग के विभिन्न कॉलेज भी होंगे. उन्होंने कहा कि मानवता के आधार पर इस मस्जिद के बगल में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और इसे पर्यटन स्थल भी घोषित किया जाएगा.

शेख ने बताया कि मस्जिद में पांच मीनारें होंगी जो इस्लाम के पांच स्तंभों कलमा, नमाज, रोजा, हज और जकात का प्रतीक होंगी.

### नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे संत मरियम विद्यालय के 6 चयनित बाल कराटेकार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के 6 चयनित बाल कराटेकार 23 और 24 दिसम्बर को आसनसोल वेस्ट- बंगाल में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। जिन 6 बाल कराटेकार चयनित किए गए हैं उनका नाम इस प्रकार है : आर्यन राज, आशीष कुमार,अंकित कुमार, आसिफ खान,अंकुश कुमार तथा आर्यन कुमार सिंह।

बता दूं कि नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में यह 6 बाल कराटेकार फाइट करेंगे। यह कार्यक्रम ब्लैक बेल्ट एक्शन मार्शल-आर्टस ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आसनसोल इंदौर स्टेडियम में किया जा रहा हैं। यह फेस्टिवल में पश्चिम बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, तमिल नाडु, बेंगलुरु, केरल, गुजरात, नागालैंड, जम्मू- कश्मीर,, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा इत्यादि राज्यों के मार्शल-आर्टस खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टीम मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में 22 दिसंबर को वेस्ट बंगाल के लिए रवाना होगी। जबकि टीम मैनेजर सेंसाई गुनगुन प्रिया को नियुक्त किया गया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने सभी बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं दी। श्री देव ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षक के कड़ी मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय के छोटे बाल कलाकार आसनसोल बंगाल मे आयोजित हो रही नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेरेगें।

# नियंत्रक महालेखा परीक्षक का झारखंड में डीबीटी प्रतिवेदन जारी, सुझाव के साथ दोषी अफसरों पर कार्रवाई की अनुशंसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का झारखंड में डीबीटी प्रतिवेदन-2023 गुरुवार को जारी किया गया। महालेखाकार कार्यालय में जारी किए जाने से पूर्व इसे राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी प्रस्तुत किया गया।

एकाउंटेंट जनरल ने डीबीटी के बेहतर उपयोग के लिए अपनी अनुशंसा भी दी हैं। इसमें एससी, एसटी, बीसी के छात्रवृत्ति के लिए सभी पात्र लाभार्थियों का इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस रखने को कहा है। आवेदनों की पात्रता के सत्यापन की भी जरूरत बतायी है। भुगतान के लिए निगरानी और नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने को भी कहा है। अल्पसंख्यकों के स्कॉलरशिप के मामले में भी राज्य सरकार से पूरे राज्य में वित्तीय अनियमितताओं की रोकथाम के लिए जांच शुरू करने की सलाह दी है।

दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की भी अनुशंसा की है। इस संबंध में एकाउंटेंट जनरल, झारखंड अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने एजी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लोगों को समय पर सरकार से




मिलने वाले लाभों के लिए डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) का उपयोग किया जाता है। झारखंड में डीबीटी (2017-21) पर नवंबर 2021 से मई 2022 के दौरान छह चयनित जिलों चतरा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, पलामू और रांची में सोशल सिक्योरिटी पेंशन स्कीम और स्कॉलरशिप स्कीम में डीबीटी के प्रभाव की पड़ताल की गई थी।झारखंड में ई-कल्याण जैसे विशिष्ट आईटी प्लेटफार्म के उपयोग का भी मूल्यांकन इन जिलों में हुआ। अनूप के मुताबिक राज्य में स्कॉलरशिप योजना के क्रियान्वयन में कमी देखी गई। स्टूडेंट को मिल रहे छात्रवृत्ति का लाभ के मामले में जिला कल्याण पदाधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस स्टूडेंट्स का तैयार नहीं किया गया।

राज्य में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना का कार्यान्वयन भी बहुत निराशाजनक रहा। लेखा परीक्षा में नमूना जांच किए गए 60 प्रतिशत संस्थानों में फर्जी लाभार्थियों को लाभ दिए जाने का पता लगा। छात्रवृत्ति का लाभ ऐसे संस्थानों को भी किया गया जिन्होंने खुद को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया था।

#### योग्य लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभ में समस्या

अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने बताया कि सार्वभौमिक आच्छादन के लिए योग्य लाभार्थियों का संपूर्ण आंकड़ा, जिला, राज्य स्तर पर पूर्ण रूप से तैयार नहीं किया गया। लाभार्थियों के बीच पेंशन के वितरण में विलंब के कारण आवेदकों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2017-21 के दौरान योजना का सामाजिक अंकेक्षण भी नहीं कराया गया।अनूप ने जानकारी दी कि राज्य में ई- कल्याण एप्लिकेशन जनवरी 2015 से शुरू हो गया था लेकिन इसमें जून 2022 तक सुविधाएं शामिल नहीं की गई। एप्लिकेशन को आधार ई-केवाईसी के साथ एकीकृत नहीं किया गया था। यह बैंकों से भी नहीं जुड़ा था। एप्लिकेशन को राष्ट्रीय ई-छात्रवृत्ति पोर्टल (एनईएसपी) पर जून 2022 तक ट्रांसफर नहीं किया गया था। परियोजना प्रबंधन इकाई नवंबर 2017 से क्रियाशील नहीं थी। इसके कारण ई-कल्याण की निगरानी व्यवस्था अप्रभावी रही।